R.N.I. : UPHIN/2012/52437
Website : www.mantrabharat.com
संस्करण : प्रयागराज
वर्ष : 15
अंक : 48
पृष्ठ : 8
मूल्य : 1.00
सोमवार, 27 अक्टूबर, 2025

जुनून है सच लिखने का

# मंत्र भारत

हिन्दी दैनिक

डाक पंजीयन संख्या : एल-2/9/रजि0/एडी0/119/15-17

प्रयागराज, लखनऊ, ग्वालियर एवं मुम्बई से एक साथ प्रकाशित एवं प्रतापगढ़, कौशाम्बी, भदोही, मिर्जापुर, वाराणसी, आजमगढ़ व गोरखपुर से प्रसारित



3 पुआल रखने को लेकर मार पीट, दो पर मुकदमा दर्ज 5 पुलिस ने दो नफर वारंटी को गिरफ्तार कर ... 7 'एक दीवाने की दीवानियत' की सफलता पर ...

## दिल्ली में छठ पूजा के लिए 1300 से अधिक घाट तैयार

### मंत्री प्रवेश वर्मा और कपिल मिश्रा ने किया निरीक्षण

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आगामी छठ पर्व के लिए व्यापक और भव्य तैयारियां जोरों पर हैं। दिल्ली सरकार के मंत्रियों ने विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया, जहां इस वर्ष यमुना किनारे 17 प्रमुख घाटों सहित 1, 300 से अधिक घाटों पर विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं।

दिल्ली सरकार ने 27 अक्टूबर को छठ पर्व के अवसर पर सरकारी अवकाश की घोषणा भी की है। यह घोषणा मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को की थी।

दिल्ली के मंत्री प्रवेश वर्मा ने आज नरेला में छठ पूजा घाट का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा, 'दिल्ली सरकार छठ पूजा के लिए व्यापक व्यवस्था कर रही है। समिति के सदस्य हमें बता रहे हैं कि इस बार तैयारियों का स्तर अभूतपूर्व है... प्रशासन और दिल्ली सरकार छठ पर्व मनाने वाले पूर्वांचल के हमारे भाइयों और बहनों के लिए सभी व्यवस्थाएं कर रही हैं।'

कला, संस्कृति और मंत्री कपिल मिश्रा ने भी शनिवार को शहर भर के छठ घाटों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि सरकार इस वर्ष की छठ पूजा को ऐतिहासिक और भव्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। मिश्रा ने बताया कि सुरक्षा, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, पानी की आपूर्ति, टेंट और अन्य आवश्यक सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है ताकि श्रद्धालु बिना किसी असुविधा के छठी मैया को अर्घ्य दे सकें।




निरीक्षण के दौरान मिश्रा ने अधिकारियों, स्थानीय प्रतिनिधियों और स्वयंसेवकों से बातचीत की और उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि उत्सव को सुचारु रूप से मनाने के लिए सभी टीमें चौबीसों घंटे काम कर रही हैं।

मंत्री कपिल मिश्रा ने इस बात पर भी जोर दिया कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार ने राजधानी के हर हिस्से में छठ समारोहों के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की हैं। उन्होंने कहा, 'कई वर्षों तक, पूर्वांचल समुदाय के लोगों को यमुना किनारे छठ पूजा करने की अनुमति नहीं थी, जो उनकी आस्था के साथ अन्याय था। अब दिल्ली सरकार हर जगह छठ समारोहों के लिए व्यवस्थाएं कर रही है।'

## दिल्ली हवाई अड्डे के टी1, टी3 के बीच आसान संपर्क के लिए बनेगा नया मेट्रो स्टेशनः अधिकारी

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। दिल्ली हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 और टर्मिनल-3 के बीच बेहतर संपर्क के लिए एक नया मेट्रो स्टेशन बनाया जाएगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। देश के सबसे व्यस्त दिल्ली हवाई अड्डे के तीन टर्मिनलों में से टर्मिनल-2 और टर्मिनल-3 एक-दूसरे के करीब हैं, जबकि टर्मिनल-1 कुछ किलोमीटर दूर है।

दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डीआईएएल) के मुख्य



कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विदेह कुमार जयपुरियार ने पीटीआई-को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि एरोसिटी और टी-1 के बीच संपर्क प्रदान करने के लिए नया एकीकृत स्टेशन बनाने की योजना है। उन्होंने बताया, पहले गोल्डन लाइन सिर्फ एरोसिटी तक ही आनी थी। हमने दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) को मना लिया है कि इसे टी-1 तक बढ़ाया जाए। इस तरह, यह मेट्रो लाइन टी-1 से एरोसिटी तक जाएगी, और एरोसिटी से पहले से मौजूद एयरपोर्ट लाइन हमें आगे ले जाएगी।

जयपुरियार के अनुसार, एरोसिटी में एक एकीकृत स्टेशन बनाने के प्रयास जारी हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि वहां पहले से ही एयरपोर्ट मेट्रो लाइन से संपर्क है, और अब गोल्डन लाइन पर नया मेट्रो स्टेशन भी बनेगा।

## भत्ता बढ़ोतरी, पेंशन और बीमा का वादा; पंचायत प्रतिनिधियों को लेकर तेजस्वी की घोषणा

पटना **(एजेंसी)**। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव ने रविवार को कहा कि यदि बिहार में 'इंडिया' गठबंधन की सरकार बनती है, तो पंचायती राज व्यवस्था के निर्वाचित प्रतिनिधियों को दिया जाने वाला भत्ता दोगुना किया जाएगा। तेजस्वी ने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों को 50 लाख रुपए का बीमा कवर और पेंशन भी प्रदान की जाएगी। बिहार में पंचायती राज व्यवस्था तीन स्तरीय है–जिला परिषद, पंचायत समिति और ग्राम पंचायत। इनके प्रमुखों को क्रमशः 'अध्यक्ष', 'प्रमुख' और 'मुखिया' कहा जाता है। तेजस्वी ने यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा, 'अगर इंडिया गठबंधन को सत्ता में आने का जनादेश मिला, तो राज्य में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के डीलरों का मार्जिन मनी प्रति क्विंटल के हिसाब से भी काफी बढ़ाया जाएगा।' उन्होंने यह भी घोषणा की कि नाई, कुम्हार और बढ़ई समुदाय से जुड़े लोगों को राज्य सरकार की ओर से पांच लाख रुपये तक का ब्याज-मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। बिहार विधानसभा की 243 सीटों पर दो चरणों में छह और 11 नवंबर को मतदान होगा तथा परिणामों की घोषणा 14 नवंबर को की जाएगी।



## बीजेपी नेता की बीच बाजार पिटाई, कॉलर पकड़ी और जड़ दिए थप्पड़

विदिशा **(एजेंसी)**। मध्य प्रदेश के विदिशा जिले में शनिवार को एक बीजेपी नेता को बीच बाजार थप्पड़ जड़ने का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसके बाद लोगों ने इसकी कड़ी निंदा की है। यह पूरा मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के सिटी सेंटर के पास का बताया जा



रहा है। जानकारी के मुताबिक, भाजपा नेता और एडवोकेट विमल तरण को एक व्यक्ति ने सरेआम थप्पड़ जड़ दिया। माना जा रहा है कि नेता के सोशल मीडिया पर स्थानीय नेताओं के खिलाफ किए गए पोस्ट को लेकर यह विवाद हुआ। इसी रंजिश के चलते आरोपी ने उन्हें निशाना बनाया। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले का संज्ञान लिया और अज्ञात हमलावर की तलाश शुरू कर दी है। फिलहाल पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है, ताकि आरोपी की पहचान की जा सके।

## स्वस्थ भारत ही विकसित भारत की आधारशिला : राजनाथ सिंह

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि स्वस्थ भारत ही विकसित भारत की आधारशिला है। यहां राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा यशोदा मेडिसिटी के उद्घाटन के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा, ''हम उस भारत की ओर बढ़ रहे हैं जिसका सपना हमारे पूर्वजों ने देखा था, जो शक्तिशाली और स्वस्थ हो।''

उन्होंने कहा, ''हमारा हर कदम, हर नीति, हर प्रयास देश के गरीब, वंचित और ग्रामीण जनमानस को समर्पित है। हम मानते हैं कि जब भारत का हर नागरिक स्वस्थ होगा तभी भारत सशक्त होगा।''



सिंह ने कहा, ''हमें 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करना है। इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए राष्ट्र के नागरिकों का स्वास्थ्य उत्तम होना बहुत जरूरी है।'' रक्षा मंत्री सिंह ने कहा कि यशोदा मेडिसिटी के लिए गौरव की बात है कि इसे दक्षिण एशिया में रोबोटिक्स सर्जरी प्रशिक्षण केंद्र के रूप में मान्यता मिली है। यह उपलब्धि निश्चित रूप से मेडिकल प्रशिक्षण और तकनीकी अनुसंधान को नई दिशा देगी।

उन्होंने अस्पताल के एमडी डॉ. पी एन अरोड़ा के संदर्भ में कहा, ''हम जब भी किसी सफल इंसान की कहानी पढ़ते हैं, आपको यही देखने को मिलेगा कि हर बड़ी यात्रा की शुरुआत किसी न किसी बड़ी व्यक्तिगत पीड़ा से निकलती है। यशोदा मेडिसिटी के चेयरमैन डॉ. पी एन अरोड़ा ने 1986 में अपनी माता को कैंसर की वजह से मृत्युशैया पर देखा, उनकी इसी पीड़ा ने यशोदा मेडिसिटी को जन्म दिया।

## कोरापुट कॉफी सचमुच स्वादिष्ट ओडिशा का गौरव है : प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कोरापुट की कॉफी की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह गर्म पेय पदार्थ वास्तव में स्वादिष्ट है और ओडिशा का गौरव है। मोदी ने मन की बात में कहा, 'चाय के साथ मेरा जुड़ाव तो आप सभी जानते ही हैं, लेकिन आज मैंने सोचा कि 'मन की बात' में क्यों न कॉफी पर चर्चा की जाए। आपको याद होगा, बीते साल मैंने 'मन की बात' में अराकू कॉफी पर बात की थी।'

मोदी ने कहा कि कुछ समय पहले ओडिशा के कई लोगों ने उनसे कोरापुट कॉफी को लेकर भी अपनी भावनाएं साझा की थीं। उन्होंने कहा कि लोगों ने उन्हें पत्र लिखकर कहा कि 'मन की बात' में कोरापुट कॉफी पर भी चर्चा की जाए। प्रधानमंत्री ने कहा, 'मुझे बताया गया है कि कोरापुट कॉफी का स्वाद गजब होता है, और इतना ही नहीं, स्वाद तो स्वाद, कॉफी की खेती भी लोगों को फायदा पहुंचा रही है।'



उन्होंने कहा कि कोरापुट में कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो अपने जुनून की वजह से कॉफी की खेती कर रहे हैं। मोदी ने कहा कि वे लोग अच्छी-खासी नौकरी करते थे, लेकिन वो कॉफी को इतना पसंद करते हैं कि इस क्षेत्र में लग गए और अब सफलता से इसमें काम कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा, 'ऐसी कई महिलाएं भी हैं, जिनके जीवन में कॉफी से सुखद बदलाव हुआ है। कॉफी से उन्हें सम्मान और समृद्धि, दोनों हासिल हुई है। सच ही कहा गया है : कोरापुट कॉफी अत्यंत सुस्वादु। एहा ओडिशार गौरव।'


उन्होंने कहा कि भारतीय कॉफी दुनिया भर में बहुत लोकप्रिय हो रही है, और कर्नाटक, तमिलनाडु व केरल जैसे राज्यों का जिक्र किया जहां कॉफी की खेती की जाती है। मोदी ने कहा, 'भारतीय कॉफी की विविधता वाकई अद्भुत है।

## नौकरी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म; पहले बहाने से बुलाया पटना और फिर जबरन किया

पटना **(एजेंसी)**। बिहार की राजधानी पटना से मानवता को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है, जहां पर एक युवक ने नौकरी का झांसा देकर एक लड़की से जबरन दुष्कर्म किया। वहीं, पीड़िता की शिकायत के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक, मामला जिले के कदमकुआं के काजीपुर इलाके का है। पीड़िता सुल्तानगंज की रहने वाली है। बताया जा रहा है कि पीड़िता नौकरी की तलाश कर रही थी, तभी इंस्टाग्राम पर उसकी मुलाकात खगड़िया के रहने वाले युवक से हुई। युवक ने लड़की को अपनी मीठी बातों में फंसा लिया और बीते मंगलवार को नौकरी लगवाने का झांसा देकर काजीपुर नया टोला स्थित अपने किराए के कमरे में बुला लिया। वहां पर उसने लड़की के साथ जबरन दुष्कर्म किया।

वहीं, घटना के बाद पीड़िता ने थाने में शिकायत दर्ज करवाई। पीड़िता की शिकायत के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक राजवीर को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है। पीड़ित छात्रा को जांच के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है।



## बंगाल की खाड़ी में चक्रवाती तूफान 'मोन्था' का मंडराता कहर

### आंध्र, ओडिशा, तमिलनाडु में भारी बारिश का अनुमान

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। बंगाल की खाड़ी में उभर रहे चक्रवाती तूफान 'मोन्था' के कारण भारत के पूर्वी तट पर भयानक असर पड़ने की आशंका है। भारतीय मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि यह तूफान 28 अक्टूबर की शाम या रात के दौरान आंध्र प्रदेश के तट पर काकीनाडा के पास मछलीपट्टनम और कलिंगपट्टनम के बीच दस्तक दे सकता है।

दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना दबाव क्षेत्र तेजी से आगे बढ़ रहा है। आईएमडी के अनुसार, यह प्रणाली 26 अक्टूबर तक एक 'गहरे दबाव' में और 27 अक्टूबर की सुबह तक चक्रवाती तूफान में तब्दील होने की उम्मीद है। इसके बाद यह उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ना जारी रखेगा और तट पर दस्तक देने से पहले एक गंभीर चक्रवाती तूफान में तब्दील होने की प्रबल संभावना है।

25 अक्टूबर की रात 11:30 बजे तक, यह पोर्ट ब्लेयर से लगभग 550 किलोमीटर पश्चिम और चेन्नई से 850 किलोमीटर पूर्व-दक्षिणपूर्व में केंद्रित था।

चक्रवात 'मोन्था' के कारण पूर्वी तट के राज्यों में भारी से बहुत भारी बारिश और तेज हवाएं चलने की आशंका है।

27 से 28 अक्टूबर तक, आंध्र प्रदेश के यनम और रायलसीमा के कुछ हिस्सों में भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना। आईएमडी ने 26 अक्टूबर को पूरे राज्य के लिए पीली चेतावनी जारी की है।

28 और 29 अक्टूबर को ओडिशा भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना है। गंजम, गजपति, रायगढ़, कोरापुट और मलकानगिरी जैसे जिले प्रभावित हो सकते हैं।



हवा की गति 60-70 किमी/घंटा तक पहुंच सकती है, कुछ क्षेत्रों में 80 किमी/घंटा तक भी पहुंच सकती है।

आज (26 अक्टूबर) तमिलनाडु के तंजावुर, तिरुवरुर और नागपट्टिनम जिलों में मध्यम बारिश और गरज के साथ छींटे पड़ने का अनुमान है। चेन्नई, कांचीपुरम, तिरुवल्लूर और रानीपेट तक हल्की से मध्यम बारिश फैल सकती है। 27 अक्टूबर को चेंगलपेट, कांचीपुरम और वेल्लोर में भारी बारिश हो सकती है, जबकि चेन्नई में भी भारी बारिश की संभावना है।

प्रभावित इलाकों के निवासियों को सतर्क रहने, सुरक्षित स्थानों पर जाने और आधिकारिक चेतावनियों का लगातार पालन करने की सलाह दी गई है। तूफान के कारण तटीय बाढ़ और तेज हवाओं से नुकसान की आशंका है।

## भाजपा के पूर्व विधायक की अचानक बिगड़ी तबीयत सीएम यादव की तत्परता से एयरलिफ्ट कर कराया गया मेधांता शिफ्ट

भोपाल **(एजेंसी)**। मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल से इस वक्त की बड़ी खबर सामने आई है। पूर्व विधायक मुकेश चतुर्वेदी की तबीयत अचानक बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें एयर एंबुलेंस के जरिए मेदांता अस्पताल, गुरुग्राम शिफ्ट किया गया है। फिलहाल उनका उपचार जारी है। उन्हें ब्रेन हेमरेज हुआ है। जानकारी के मुताबिक, बीते शाम मेहगांव में उनकी तबीयत खराब हुई थी। तबीयत बिगड़ने पर उन्हें पहले ग्वालियर के अस्पताल में भर्ती कराया गया। स्थिति की जानकारी मिलते ही प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने रात करीब 1:30 बजे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से संपर्क कर पूरी जानकारी दी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उसी क्षण भिंड प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग को तत्काल निर्देश दिए कि मरीज को आवश्यक चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराई जाए। जिसके बाद उन्हें ग्वालियर के बिरला अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां पर डॉक्टरों ने ब्रेन हेमरेज होने की पुष्टि की। जिसके बाद मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार रविवार सुबह 8 बजे मुकेश चतुर्वेदी को एयरलिफ्ट कर ग्वालियर से गुड़गांव के मेदांता अस्पताल लाया गया।



# एरियर का भुगतान न होने पर कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**मंत्र भारत संवाददाता**

कौशाम्बी। स्वास्थ्य कर्मियों को एरियर का भुगतान नहीं किया जा रहा है। डीएम को ज्ञापन देकर इसकी मांग की गई थी, लेकिन कमीशन न मिलने के कारण स्वास्थ्य कर्मियों को भुगतान नहीं किया गया। इससे नाराज कर्मचारियों ने शुक्रवार को कलक्ट्रेट में प्रदर्शन किया और डीएम को दोबारा ज्ञापन दिया। स्वास्थ्य कर्मी (एएनएम) को एरियर का भुगतान नहीं किया जा रहा है। कोर्ट से इसके लिए बाकायदा आदेश भी जारी हुआ है। शासन ने भी निर्देश जारी कर भुगतान करने के लिए कहा है। इसके बाद भी कमीशन के चक्कर में बाबू एरियर का भुगतान नहीं कर रहे हैं। वह एरियर में सीधे-सीधे 20 प्रतिशत कमीशन की मांग कर रहे हैं।

इसको लेकर आठ जुलाई को उत्तर प्रदेश बेसिक हेल्थ वर्कर एसोसिएशन व मातृ शिशु कल्याण महिला कर्मचारी संघ की ओर से सीएमओ को ज्ञापन दिया गया। साथ ही बताया गया था कि कमीशन न मिलने की वजह से भुगतान नहीं किया जा रहा है। 16 अक्तूबर डीएम को ज्ञापन देकर दीपावली पर्व से पहले एरियर भुगतान कराने की मांग की गई थी, लेकिन बाबुओं ने भुगतान नहीं किया। इससे नाराज एएनएम ने शुक्रवार को कलक्ट्रेट में प्रदर्शन किया और संबंधित बाबुओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इस मौके पर संतोष कुमारी मौर्य, संध्या राय, नीलम, रंजना देवी, रेखा कुमार, प्रभा देवी आदि लोग रहीं। डीएम ने कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया।




# छात्रा समेत चार किशोरियों को किया अगवा, मुकदमा

**मंत्र भारत संवाददाता**

मंझनपुर। जिले के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में बहला-फुसलाकर छात्रा समेत चार किशोरियों को अगवा कर लिया गया। खोजबीन के बाद भी सुराग नहीं लगने पर परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा कायम कर आरोपियों व किशोरियों की तलाश शुरू कर दी है। सैनी थाना क्षेत्र की एक महिला ने बताया कि उसकी 13 साल की बेटी कक्षा नौ की छात्रा है। 24 अक्तूबर को वह स्कूल जाने की बात कहकर घर से निकली थी। छुट्टी के बाद भी नहीं लौटी तो खोजबीन शुरू की गई। इस दौरान पता चला कि गांव का ही युवक झांसा देकर उसे अगवा कर ले गया है।

बेटी साथ में 40 हजार रुपये और अपनी बड़ी बहन के गहने भी ले गई है। इसी तरह सरायअकिल थाना क्षेत्र की एक महिला ने बताया कि पड़ोसी गांव के युवक ने उसकी 17 साल की बेटी को प्रेम जाल में फंसा लिया था। 22 अक्तूबर की रात वह बहला-फुसलाकर बेटी को अगवा कर ले गया। ऐसे ही कड़ाधाम थाना क्षेत्र की महिला का कहना है कि 23 अक्तूबर को सैनी इलाके के युवक ने उसकी 14 साल की बेटी को अगवा कर लिया। बेटी साथ में घर से 20 हजार रुपया भी ले गई है। इसका उलाहना देने जाने पर आरोपी के माता-पिता ने अभद्रता की। मंझनपुर इलाके की एक महिला का भी कहना है कि 24 अक्तूबर को पड़ोसी युवक ने उसकी 15 साल की बेटी को अगवा कर लिया। उलाहना देने पर उसके परिजनों ने अभद्रता की। कोट- नाबालिग लड़कियों संग होने वाले सभी अपराधों को लेकर पुलिस गंभीर है। छात्रा समेत चार किशोरियों के मामले में अपहरण का मुकदमा कायम कराया गया है। जल्द ही किशोरियों को बरामद किया जाएगा। आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। - राजेश कुमार सिंह, एएसपी

## लापता बुजुर्ग की यमुना में उतराती मिली लाश

सरायअकिल। सरायअकिल थाना क्षेत्र के दिया उपरहार निवासी एक बुजुर्ग की रविवार दोपहर गांव के बाहर यमुना में लाश उतराती मिली। वह तीन दिन से लापता था। पड़ोसी युवक से परिजनों को संदेश भेजवाया था कि उसकी खोजबीन नहीं की जाए। शव मिलने के बाद से परिवार वालों की रो-रोकर हालत खराब है। दिया उपरहार निवासी 75 वर्षीय सुग्गी लाल निषाद मछली पकड़कर बेचने का काम करता था। तीन दिन पहले वह घर से लापता हो गया था। साथ मछली पकड़ने वाले गांव के ही एक युवक से उसने परिजनों को संदेश भेजवाया था कि उसकी खोजबीन नहीं की जाए। ऐसे में परेशान परिवार वालों ने तलाश तेज कर दी।

पत्नी बेला देवी ने स्थानीय थाने पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस पर पुलिस भी उसे तलाश रही थी। इसी बीच रविवार की दोपहर गांव के बाहर यमुना में उसकी लाश उतराती हुई मिली। इसकी जानकारी होते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पाकर परिवार वाले बदहवाश हालत में नदी किनारे पहुंचे। पुलिस ने शव को पानी से बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में सरायअकिल थाना प्रभारी वीर प्रताप सिंह का कहना है कि परिवार की ओर से किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया गया है। पीएम में मौत का कारण साफ हो जाएगा। उसी हिसाब से कार्रवाई की जाएगी।

# आधे घंटे के अंदर पुलिस ने 5 वर्षीय बच्चा खोजकर माता-पिता को सौंपा

कौशाम्बी। समय लगभग 2 बजे सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम दरियापुर, थाना कड़ाघाम, जनपद कौशांबी निवासी एक बच्चा, उम्र लगभग 5 वर्ष, जो अपनी दादी के साथ बाजार आया था, सैनी चौराहे पर गुम हो गया है। सूचना पर थाना सैनी पुलिस और मिशन शक्ति टीम सैनी ने तत्काल संवेदनशीलता दिखाते हुए बच्चे की खोज शुरू की।

पुलिस एवं मिशन शक्ति टीम के कुशल प्रयासों के परिणामस्वरूप मात्र 30 मिनट में बच्चा खोज लिया गया और उसकी मां एवं दादी को सुरक्षित सुपुर्द कर दिया गया।

इस सफल कार्रवाई पर परिजनों ने पुलिस टीम और मिशन शक्ति टीम की सजगता की सराहना की और आभार व्यक्त किया।

# विज्ञानम ग्लोबल स्कूल बेरुआ में महिला सशक्तिकरण के तहत छात्राओं को किया गया जागरूक

कौशाम्बी। जिले में चरवा पुलिस के सहयोग से विज्ञानम ग्लोबल स्कूल बेरुआ चरवा में महिला सशक्तिकरण पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं, विशेषकर युवतियों को उनके कानूनी अधिकारों, आत्मविश्वास और व्यक्तिगत सुरक्षा के बारे में शिक्षित करना था, जो मिशन शक्ति जैसे राष्ट्रीय अभियानों के अनुरूप था, जो 'सशक्त नारी, सशक्त भारत' पर ज़ोर देते हैं।

ज्ञात हो कि कार्यक्रम के दौरान, पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं को आत्मरक्षा का महत्व और किसी भी प्रकार के उत्पीड़न या हिंसा की रिपोर्ट करना, साइबर सुरक्षा, छेड़छाड़ और लैंगिक समानता कानूनों के बारे में कानूनी जागरूकता, लड़कियों को आत्मविश्वासी, आत्मनिर्भर नागरिक बनने के लिए प्रोत्साहित करना ताकि वे समाज में सकारात्मक योगदान दे सकें। इसके अतिरिक्त सभी उपलब्ध हेल्पलाइन नंबरों, जैसे 112 और 1090, के बारे में जागरूक किया गया।

# प्रदेश के मंत्री औद्योगिक विकास ने जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ की बैठक

**मंत्र भारत संवाददाता**

कौशाम्बी। प्रदेश के मंत्री औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एन.आर.आई. एवं निवेश प्रोत्साहन विभागनन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी' ने रविवार को उदयन सभागार में जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक की।

ज्ञात हो कि बैठक में मंत्री ने कहा कि जनपद कौशांबी में औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए जाने के लिए भूमि चिन्हित कर शीघ्र प्रस्ताव उपलब्ध कराई जाय। उन्होंने उद्योग विभाग की योजनाओं की समीक्षा के दौरान कहा कि निवेश मित्र पोर्टल पर लम्बित शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध तरीके से किया जाय। कोई भी शिकायत लंबित न होने पाए। उन्होंने सी.एम. युवा उद्यमी योजना की समीक्षा के दौरान कहा कि अधिक से अधिक लोगों को बैंकों से ऋण उपलब्ध कराई जाए, ताकि वे अपना स्वयं का उद्यम स्थापित कर सके व और लोगों को रोजगार भी उपलब्ध करा सके।

बैठक में जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने जनपद में निर्माणाधीन निर्माण कार्यों-राम वनगमन मार्ग की प्रगति, प्रयागराज एयरपोर्ट से कौशांबी मार्ग की प्रगति, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में कंप्यूटर लैब व अतिरिक्त कक्ष के निर्माण कार्यों की प्रगति, राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों में ट्रांजिट हॉस्टल आदि के निर्माण कार्य की प्रगति, अंत्येष्टि स्थलों के निर्माण कार्य की प्रगति, नर्सिंग कॉलेज व हॉस्टल के निर्माण कार्य की प्रगति तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों के निर्माण कार्य की प्रगति सहित आदि निर्माण कार्यों की प्रगति से मंत्री को अवगत कराया।

इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत कल्पना सोनकर, सदस्य उ.प्र.राज्य महिला आयोग प्रतिभा कुशवाहा, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मंझनपुर वीरेन्द्र फौजी, अध्यक्ष नगर पंचायत अजुहा शान्ति देवी कुशवाहा, रमेश अग्रहरि, प्रवेश केशरवानी तथा जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी, पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार व मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# मेडिकल कॉलेज के 97 विद्यार्थियों ने दी एबीवीएमयू की परीक्षा

**मंत्र भारत संवाददाता**

कौशाम्बी। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, कौशाम्बी के प्रथम वर्ष एम0बी0बी0एस0 के 97 विद्यार्थियों ने सितम्बर माह में हुयी अटल बिहारी बाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय के प्रथम प्रोफेशनल परीक्षा में भाग लिया।

इस परीक्षा का परिणाम अटल बिहारी बाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय द्वारा 18 अक्टूबर को अपनी बेवसाइट पर धोषित किया गया। इस परीक्षा में स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय कौशाम्बी के 97 विद्यार्थियों में से 95 विद्यार्थी सफल हुए एवं 02 विद्यार्थियों को एक विषय में पूरक परीक्षा देनी होगी। इस परीक्षा में जयश्री मिश्रा (689) ने 75इ अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जो कि विशिष्ट श्रेणी मे आता है, द्वितीय स्थान पर पुलकित अग्रवाल (663) ने 73.6इ अंक प्राप्त किये जबकि रितिका शर्मा (662) ने 73.5इ अंक लेकर तृतीय स्थान पर रही।

स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय कौशाम्बी के प्रथम बैच का रिजल्ट 98इ रहा, जोकि गर्व की बात है। इस परीक्षा में एनाटामी, फिजियोलाएवं बायोकमेस्ट्री के फैकल्टी सदस्यो की सराहनीय भूमिका रही। इस उत्कृष्ट प्रर्दशन के लिए सभी विद्यार्थी बधाई के पात्र है। प्रधानाचार्य प्रो0 (डा0) हरिओम कुमार सिंह ने समस्त विद्यार्थियों एवं फैकल्टी सदस्यो को बधाई दी एंव सभी विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की।



# एसडीएम चायल के नाम पर पूर्व प्रधान ने पांच लाख ठगे

कौशाम्बी। चरवा के पूर्व प्रधान पर एक किसान ने गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोप है कि पूर्व प्रधान ने पट्टी की जमीन को भूमिधरी कराने का झांसा दिया। इसके बाद एसडीएम चायल को देने के नाम पर पांच लाख रुपये ठग लिए। ठगी में पूर्व प्रधान का बेटा भी शामिल था। पीड़ित ने शुक्रवार को मामले की शिकायत एसपी से की है। कोखराज थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर असवां गांव निवासी अशोक कुमार पांडेय ने बताया कि चरवा का पूर्व प्रधान उसकी रिश्तेदारी में आता है। पीड़ित की मानें तो पूर्व प्रधान ने उससे कहा कि इलाके के बसेढ़ी कछार में पट्टी की एक जमीन है, जिसे बेचने का ऑफर आया है।

इससे पहले जमीन को भूमिधरी कराना होगा। आरोपी ने यह भी कहा कि उसकी एसडीएम चायल आकाश सिंह से बनती है। पांच लाख रुपया एसडीएम को देकर जमीन भूमिधरी करा ली जाएगी। पीड़ित ने झांसे में आकर अपने दोस्त राजकुमार चौबे से आरोपी पूर्व प्रधान को चार लाख रुपये दिलाए और एक लाख फोन-पे के माध्यम से दिया। पहले तो पूर्व प्रधान आज-कल करके मामले को टालता रहा। अब रुपया मांगने पर वह जानलेवा धमकी दे रहा है। एसपी राजेश कुमार का कहना है कि आरोपी पिता-पुत्र के खिलाफ शिकायत मिली है। संबंधित थाना प्रभारी को जांच कर कार्रवाई करने का आदेश दे दिया गया है।

# महराजगंज रायबरेली का युवक सऊदी अरब के रियाद शहर में हुआ गिरफ्तार

**मंत्र भारत संवाददाता**

रायबरेली। महराजगंज रायबरेली का युवक सऊदी अरब के रियाद शहर में गिरफ्तार हो गया। उसे तीन साल की सजा और 18 लाख भारतीय रुपए जुर्माने की सजा सुनाई गई है। वह 2 साल पहले कमाने के लिए रियाद गया था। एजेंट ने पानी का टैंकर चलाने का काम बताकर उसे कूड़ा गाड़ी चलाने के काम पर लगा दिया।पीड़ित के पिता का कहना है कि वहां पर उसे भूखा-प्यासा रखा जाता था। उसे प्रताड़ित किया जाता था। इन्हीं सब बातों से घबरा कर वह भागकर भारत वापस आना चाहता था। उसे जैसे ही मौका मिला वह बिना भारत आने की कोशिश करने लगा और बॉर्डर पर उसे सिक्योरिटी ने पकड़ लिया।पीड़ित के पिता ने बताया कि उसपर देश छोड़कर भागने और नियम के विरुद्ध बार्डर पार करने का केस लगा दिया। पीड़ित के परिजन मोदी-योगी सरकार और जनप्रतिनिधियों से मदद की गुहार लगाई है। युवक रायबरेली के चंदापुर थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर गांव का रहने वाला है।सिकंदरपुर के रहने वाले विंध्या प्रसाद खेती किसानी करके अपने परिवार को पालते हैं। इनके 7 बेटे और एक बेटी है। राजीव तीसरे नंबर का बेटा है। राजीव कमाने के लिए विदेश जाना चाहता था। राजीव और उसके पिता विंध्या ने रिश्तेदारों से कर्ज लेकर वीजा-पासपोर्ट बनवाए। सऊदी अरब जाने के लिए एजेंट ढूंढा। एजेंट ने राजीव को 2023 में सउदी अरब के रियाद में पानी का टैंकर चलाने के लिए भेजा।राजीव के पिता विंध्या ने बताया कि जब राजीव वहां पहुंचा तो उसे कचरा गाड़ी चलाने के काम पर लगा दिया। राजीव ने 6 महीने कर कचरा उठाने वाले ट्रेलर पर काम किया। एक दिन उसका फोन आया कि यहां उससे काम कराया जाता है, लेकिन उसे खाना पीना नहीं दिया जाता। उसे प्रताड़ित किया जाता है। इसके बाद उसका फोन आना बंद हो गया। 6 महीनों तक कोई फोन नहीं आया। घर में सभी लोग परेशान हो गए।एक दिन अचानक फिर से फोन आया। फोन पर दूसरी तरफ राजीव था। राजीव ने रोते हुए बताया कि वह भूखे-प्यासे काम करने से परेशान हो गया था। इसलिए वह काम छोड़कर वहां से भागने के लिए बॉर्डर पर गया था। यहां पर उसे पुलिस ने पकड़ लिया। उसपर देश छोड़कर भागने और नियम के विरुद्ध बॉर्डर पार करने के जुर्म में उसपर तीन साल की सजा और 18 लाख भारतीय रुपए जुर्माना लगाया है।



राजीव की मां सूरज कली ने बताया कि मेरा बेटा 2 साल पहले सऊदी अरब नौकरी की तलाश में दलाल के माध्यम से गया था। सही काम न मिलने की वजह से बीते कुछ दिन पहले गैर-कानूनी तरीके से बॉर्डर के रास्ते भारत आ रहा था। इस दौरान सऊदी सीमा पर तैनात सुरक्षा कर्मियों ने बेटे को पड़कर जेल भेज दिया है। इस समय रियाद जेल में बंद है।

राजीव के पिता ने विंध्या ने बताया कि बेटा सऊदी अरब गया हुआ था। वहां उसे न तो समय पर खाना मिलता था और न वेतन मिलता था। इसके चलते राजीव परेशान था। जेल में बंद होने के 6 महीने बाद हम लोगों को सूचना मिली। हम लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सीएम योगी से अपने बेटे को वापस लाने की गुहार लगा रहे हैं। विंध्या ने बताया कि अकबरपुर के रहने वाले अकरम ने ही हमें एजेंट के बारे में बताया था। अकरम ने सोशल मीडिया पर सहायता की अपील की है।

अकरम ने बताया कि राजीव को 3 साल की सजा और 73, 120 रियाल (18 लाख भारतीय रुपए) का जुर्माना लगाया गया है। अकरम ने बताया कि उन्होंने राजीव से फोन पर बात की। राजीव ने बताया कि जहां वह काम कर रहा था, वहां न तो समय पर वेतन मिल रहा था और न ही खाने-पीने की उचित व्यवस्था थी।इसी दौरान वहां काम करने वाले कुछ लोगों ने उसे सलाह दी कि अगर वह यमन बॉर्डर होते हुए आगे बढ़े, तो भारत की सीमा तक पहुंच सकता है। राजीव ने उनकी सलाह मानते हुए यमन बॉर्डर की ओर जाने की कोशिश की, लेकिन सीमा पर तैनात सुरक्षा बलों ने उसे पकड़ लिया और जेल भेज दिया।

# कलियुग में भागवत कथा ही मोक्ष का आधार

**मंत्र भारत संवाददाता**

लालगंज रायबरेली। खजूर गांव में आयोजित कथा में कथा व्यास ने भागवत कथा की आवश्यकता, उत्पत्ति और महिमा का निरूपण किया।आत्मानंद के पुत्र न होने का शोक , गोकर्ण जन्म और धुंध कारी मोछ आदि का वर्णन किया। मुख्य यजमान राम सेवक सविता ने भागवत कथा पीठ की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। व्यास गद्दी पर विराजमान पंडित रविकांत मिश्रा ने प्रवचन करते हुए कहा कि कलियुग में भागवत कथा और राम कथा से ही मानव का उद्धार हो सकता है। शास्त्रों में उल्लेख है कि जहां भी भागवत कथा या राम कथा होती है, वहां पर भगवान बजरंगबली स्वयं विराजमानरहते हैं। द्वापर युग में राजा परीक्षित को भी भागवत कथा सुनने से ही मोक्ष की प्राप्ति हुई थी और उन्हें सांसारिक कष्टों से मुक्ति मिली थी। भागवत कथा के संयोजक दीपक कुमार फौजी, सहसंयोजक अनूप शुक्ला, पवन सिंह, सुरेंद्रनाथ मिश्रा, रविंद्र मिश्रा, बचोली सिंह, प्रियम सिंह , गुड्डू सिंह, संजय सविता, राज बहादुर यादव , अनूप शुक्ला बबलू सोनी, आनन्द तिवारी कटरा, रिंकू हलवाई सहित भागवत कथा प्रेमी मौजूद रहे।



# संत नामदेव ने दिया सदभावना का संदेश - इ.वीरेंद्र यादव

**मंत्र भारत संवाददाता**

रायबरेली। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशानुसार संत शिरोमणि नामदेव की जयंती समाजवादी पार्टी कार्यालय सुपर मार्केट में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर एक विचार गोष्ठी का आयोजन जिला अध्यक्ष इ.वीरेंद्र यादव की अध्यक्षता में किया गया।संत शिरोमणि नामदेव के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विचार व्यक्त करते हुए जिला अध्यक्ष इ.वीरेंद्र यादव ने कहा कि उन्होंने दलितों पिछड़ों गरीबों शोषितों वंचितों को जागृत करते हुए सम्पूर्ण देश में भ्रमण कर समाज में सामाजिक चेतना जगाने के साथ समता समानता एवं सदभावना का संदेश दिया।कार्यक्रम को नामदेव समाज के वरिष्ठ नेता कालिका प्रसाद नामदेव ने कहा कि संत नामदेव का जीवन गरीबों दलितों पिछड़ों एवं शोषितों के लिए समर्पित रहा।इस अवसर पर वरिष्ठ नेता मिश्री लाल चैधरी, ओपी यादव, अनिल नामदेव, आर.एन.निर्मल, वंश बहादुर, आनंद काकुष्ठ, करुणा शंकर नामदेव, वीरेंद्र नामदेव, रामराज नामदेव, शिव नारायन सोनकर , संदीप शुक्ल, राजेश मौर्य, मो मुशीर सुरजीत सिंह आदि द्वारा संत शिरोमणि नामदेव के जीवन दर्शन पर चर्चा की गयी।कार्यक्रम का संचालन महासचिव मो.अरशद खान ने किया।कार्यक्रम में चन्द्रप्रकाश आजाद, नीलेश यादव, राजेन्द्र बहादुर यादव, सुंदर लाल, देवता दीन, राधेश्याम लोधी, अरुण कुमार आदि अनेकों लोगो ने महापुरुष संत नामदेव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।



# डलमऊ महोत्सव के भव्य आयोजन की मांग

**मंत्र भारत संवाददाता**

डलमऊ रायबरेली। निराला सृजन मंच एवं वीआर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में एक बैठक शंकर नगर मुराई बाग में हुई। बैठक में सभी वक्ताओं ने सरकार से डलमऊ महोत्सव के भव्य स्तर पर आयोजन की मांग की।मंच के संयोजक वाई.वेद प्रकाश ने कहा कि डलमऊ धर्म एवं संस्कृति का प्राचीन नगर है। यहां से देवनदी गंगा बहती हैं।यह नगर महर्षि दालभ्य की तपोभूमि, मुल्ला दाऊद की जन्मस्थली और महाप्राण निराला जी की कर्मस्थली के रूप में प्रसिद्ध है। कार्तिक पूर्णिमा पर दूर-दूर से कई जिलों के लाखों की संख्या में लोग गंगा स्नान के लिए डलमऊ आते हैं। इसलिए डलमऊ महोत्सव का आयोजन अखिल भारतीय स्तर पर होना चाहिए। वरिष्ठ साहित्यकार राम नारायण रमण ने कहा कि डलमऊ दर्शन का प्रकाशन, कवि सम्मेलन एवं मुशायरा, साहित्यिक सांस्कृतिक एवं शैक्षिक कार्यक्रम आयोजित कर डलमऊ के ऐतिहासिक एवं साहित्यिक तथा सांस्कृतिक महत्व को प्रतिपादित किया जाना चाहिए। प्रदीप श्रीवास्तव, सुंदर लाल मनमौजी, अशेष बाजपेई, बसंत लाल गुप्ता, दयाराम यादव, आर्यन यादव, डॉ जितेन्द्र मौर्या, नागेन्द्र, जितेन्द्र कुमार, योगेन्द्र कुमार, सविता यादव, सम्राट, सत्य प्रकाश, आन्या प्रिया, सत्येन्द्र कुमार, खुशबू, एंजेलिना प्रिया, महक, सौम्या, पूनम सिंह पुष्प, अमित यादव, स्मृति मिश्रा, अंजलि बाजपेई आदि ने भी सरकार से डलमऊ महोत्सव के भव्य आयोजन की पुरजोर मांग उठाई।

# खराब रोड की समस्या को लेकर जिला पंचायत सदस्य व ग्राम प्रधान ने किया धरना प्रदर्शन

**मंत्र भारत संवाददाता**

रायबरेली। डलमऊ ब्लॉक के शिवपुरी गाँव में खराब रोड की समस्या को लेकर जिला पंचायत सदस्य डलमऊ तृतीय वीरेन्द्र यादव व ग्राम प्रधान ललित कुमार ने ग्रामवासियों के साथ रोड पर बैठकर प्रदर्शन किया। जिला पंचायत सदस्य वीरेन्द्र यादव ने बताया कि डलमऊ ऐतिहासिक धरती है जहां प्रदेश स्तरीय सरकारी कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान व मेला लगता है। मुराई बाग से सलोन रोड जाने वाले मार्ग से भीमगंज ऊंचाहार रोड को जोड़ने वाले शिवपुरी गाँव संपर्क मार्ग जो कि पिछले 10 सालों से मरम्मत कार्य न होने के कारण अत्यधिक जर्जर व खराब है। जिसकी सूचना पूर्व में दर्जनों बार तहसील स्तर से लेकर उच्च अधिकारियों व मुख्यमंत्री तक की गई है लेकिन आज तक इस रोड पर किसी तरह का कोई मरम्मत कार्य नहीं कराया गया है इसी रोड से हजारों हजार की संख्या में गंगा स्नान व मेले में जाने वाले श्रद्धालु जाते हैं। जिला स्तर के अधिकारी तहसील में बैठकर मेले की बैठक से वापस चले जाते हैं। कभी भी मेले को जोड़ने वाले रास्तों को नहीं देखते हैं। देश और प्रदेश की भाजपा सरकार धर्म के नाम पर सिर्फ दिखावा करती है। मुख्यमंत्री जी प्रदेश को गड्ढा मुक्त कराने की बात करते हैं जबकि यह पूरी रोड ही गड्ढे में है।अगर धार्मिक भावनाओं को ध्यान नहीं दिया गया और रोड का मरम्मत कार्य नहीं कराया गया तो हम सब ग्रामवासी एक विशाल धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे।इस अवसर पर मनोज कुमार यादव, सुंदरलाल, शशिकांत, शिवम यादव, अनुराग यादव, अनूप यादव, सुनील कुमार, राजरानी, रामवती, चंद्रावती, ऋतुराज यादव, सरदार यादव, शिव प्रताप यादव, राजकुमार, सत्रोहन, रामधनी, राधेश्याम, रघुनाथ, रंजन यादव, अरविंद यादव, शंकर, वासुदेव, अशोक कुमार, सुरेंद्र कुमार, राम प्रताप आदि लोग उपस्थित रहे।



# ग्राम प्रधान सांगीपुर ने गांव की सरकारी जमीनों से अवैध कब्जा हटवाए जाने की मांग किया

### *अवैध कब्जा धारकों को बेदखल कर मुकदमा दर्ज कराने की भी मांग किया*

**मंत्र भारत संवाददाता**

सोरांव। जनपद प्रयागराज की तहसील सोरांव अंतर्गत विकासखंड होलागढ़ की ग्राम पंचायत सांगीपुर की ग्राम प्रधान मीरा देवी ने अपने लेटर पैड पर जिलाधिकारी प्रयागराज को 10 अक्टूबर को लिखित शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया है और अवगत कराया है कि गांव के कुछ दबंग भूमाफियाओं द्वारा गांव की बेश कीमती जमीनें जिसमें की तालाब की जमीन और अन्य ग्राम सभा की सार्वजनिक उपयोग की जमीन शामिल है जिन पर की भूमाफियाओं द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया है जिसको प्रयागराज जिलाधिकारी को लिखित शिकायती पत्र देते हुए ग्राम प्रधान मीरा देवी ने उक्त जमीनों को भूमाफियाओं के चंगुल से छुड़ाते हुए उन्हें बेदखल करते हुए एफआईआर दर्ज कराए जाने की भी मांग किया है बता दें कि गांव की गाटा संख्या 96 तालाब, गाटा संख्या 97 ऊसर, गाटा संख्या 98 रास्ता, गाटा संख्या 110 खाद गड्ढा, गाटा संख्या 111 तालाब, गाटा संख्या 112 बंजर, गाटा संख्या 108 ख ऊसर की जमीन पर अवैध अतिक्रमण किया गया है।



# मिशन शक्ति 5.0 : नारी सुरक्षा-सम्मान का मजबूत कवच, प्रयागराज में चलाया गया जागरूकता अभियान

## गंगानगर जोन में बाजारों से कॉलेज तक, मिशन शक्ति टीमों ने किया अधिकारों और हेल्पलाइन नंबरों का प्रचार

**मंत्र भारत संवाददाता**

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण योजना 'मिशन शक्ति 5.0' के अंतर्गत रविवार को गंगानगर जोन कमिश्नरेट के सभी थानों की महिला पुलिसकर्मियों व मिशन शक्ति टीमों द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान पुलिस आयुक्त व अपर पुलिस आयुक्त के निर्देशन तथा पुलिस उपायुक्त गंगानगर एवं अपर पुलिस उपायुक्त गंगानगर के कुशल पर्यवेक्षण में संचालित किया गया।

महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान तथा स्वावलंबन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से टीमों ने अपने-अपने थाना क्षेत्रों के प्रमुख बाजारों, कस्बों, शिक्षण संस्थानों, धार्मिक स्थलों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर जागरूकता फैलायी। पुलिसकर्मियों ने महिलाओं और छात्राओं को उनके संवैधानिक एवं कानूनी अधिकारों की विस्तार से जानकारी दी। साथ ही, सरकार द्वारा संचालित विभिन्न सहायता योजनाओं के बारे में भी बताया गया।



कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं को साइबर सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया। सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, अनजान लिंक न खोलने, किसी संदिग्ध व्यक्ति की मित्रता स्वीकार न करने और व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने की सलाह भी दी गई।

मिशन शक्ति टीम ने स्पष्ट संदेश दिया कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न या साइबर अपराध की स्थिति में तत्काल बिना हिचक शिकायत करें। महिला पुलिसकर्मियों द्वारा सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर 112 (पुलिस आपात सेवा), 1090 (वूमेन पावर लाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन), 1076 (सीएम हेल्पलाइन), 1930 (साइबर हेल्पलाइन) के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई और पम्पलेट भी वितरित किए गए। मिशन शक्ति 5.0 अभियान का उद्देश्य सिर्फ सुरक्षा नहीं, बल्कि हर महिला और बालिका के भीतर आत्मविश्वास जगाना है कि वे सुरक्षित हैं, समर्थ हैं और हर कदम पर पुलिस उनके साथ खड़ी है।

# बेज बिरयानी दुकानदार को शराब नशेड़ियों ने पीटा, एफआईआर दर्ज

नवाबगंज (प्रयागराज)। शराब के नशे में बेज बिरयानी दुकानदार की लाठी-डंडे से पीटाई कर घायल करते हुए धमकी दी गई है। पुलिस मामले में एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की है।

नवाबगंज थाना क्षेत्र रघुवंशपुर उर्फ रेरूआ निवासी प्रीतम पुत्र लल्लू राम नवाबगंज चौराहे पर बेज बिरयानी की दुकान पर छ अक्टूबर की रात्रि 9:30 बजे शराब के नशे में विपक्षियों द्वारा लाठी-डंडे से मारकर कर घायल करते हुए धमकी दी गई। वहीं पुलिस घटना मामले की तहरीर पर सचिन केसरवानी पुत्र पन्ना लाल निवासी स्टेशन रोड नवाबगंज, विपिन मौर्या निवासी मलाक बलऊ एवं दो अज्ञात लोगों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पुरानी रंजिश को लेकर युवक पर हमला, मुकदमा दर्ज

नवाबगंज (प्रयागराज)। पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षियों द्वारा जानलेवा हमला करते हुए युवक को घायल करते हुए धमकी दी गई थी। वहीं पुलिस घटना मामले की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

नवाबगंज थाना क्षेत्र सेरावां मजरा खेतई का पुरा निवासिनी माधुरी पत्नी सूरज सरोज ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसके पति को सूरज सरोज को विपक्षियों द्वारा पुरानी रंजिश को लेकर लाठी-डंडे एवं लोहे की राड से हमलाकर घायल करते हुए धमकी दी गई है। वहीं घायल की पत्नी माधुरी की तहरीर पर नवाबगंज पुलिस ने विजय सरोज एवं शिवा सरोज पुत्रगण हरिलाल सरोज, राजू सरोज पुतुन्नू निवासीगण भीटा उर्फ भैरोपुर कुढ़ा के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

# पुआल रखने को लेकर मार पीट, दो पर मुकदमा दर्ज

मऊआइमा। पुआल रखने को लेकर युवती को मारा पीटा गया और जान से मारने की धमकी भी दी गई। युवती ने दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है।

मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम छाता नई बस्ती निवासनीय सती देवी पुत्री स्वर्गीय सजन लाल चौहान का आरोप है कि विपक्षी उसकी जमीन पर पुआल रख रहे थे।मना करने पर उसे मारे पीटे गालियां दी और जान से मारने की धमकी दिए।सती देवी ने मऊआइमा थाने में शिवबहादुर, कल्लू के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।




# जिला निर्वाचन अधिकारी नेआगामी विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की तैयारियों के सम्बन्ध में की बैठक

### मैपिंग के चल रहे कार्य को अविलंब पूर्ण कराए जाने के दिए निर्देश

**मंत्र भारत संवाददाता**

प्रयागराज। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में रविवार को संगम सभागार में समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/समस्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ आगामी विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की तैयारियों के सम्बन्ध में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने वर्तमान में चल रहे वर्ष 2025 के मतदाताओं और 2003 की निर्वाचक नामावली के मतदाताओं की मैपिंग के सम्बन्ध में चल रहे कार्य में हुई प्रगति की समीक्षा करते हुए विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 254-फाफामऊ एवं 265-कोरांव की स्थिति असंतोषजनक पाए जाने के दृष्टिगत संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को उक्त कार्य को अविलंब पूर्ण कराने के साथ शेष विधानसभा के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को भी अविलंब पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए गए तथा यह भी निर्देशित किया गया कि उक्त कार्य को शीर्ष प्राथमिकता के आधार पूर्ण कराएं अन्यथा की स्थिति में किसी भी प्रकार की शिथिलता के लिए आप स्वयं उत्तरदायी होंगे। उक्त के अतिरिक्त इलाहाबाद झांसी खंड स्नातक निर्वाचन से संबंधित जितने भी फॉर्म संबंधित तहसीलों को प्राप्त हो रहे हैं उन्हें डाउनलोड कराकर संबंधित को बीएलओ के माध्यम से फोटो एवं अन्य शैक्षणिक दस्तावेज प्राप्त कर उनकी फीडिंग भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कराकर समस्त कार्यवाही पूर्ण कराने के भी निर्देश जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारियों को दिए हैं।



# जनपद में बनेगी नई मिसाल, अब एसटीपी के एक तालाब में ही साफ होगा पानी

**मंत्र भारत संवाददाता**

प्रयागराज। जनपद के नैनी, सलोरी और राजापुर में बनाए जा रहे प्लांटों में नालों का पानी एक ही तालाब में साफ होगा। इसकी गुणवत्ता पुराने प्लांटों की तुलना में तीन गुना तक बेहतर होगी। अभी तक शहर में बनाए गए प्लांटों में पानी साफ करने के लिए परिसर में दो तालाब बनाए जाते थे। इनमें एक प्लांट में पानी इकट्ठा कर दूसरे में साफ कर बाहर निकाला जाता रहा। बन रहे प्लांटों में सिक्वेंस बैच रिएक्टर (एसबीआर) तकनीक से बनाया जा रहा है। इसके तहत गंदा पानी एक ही तलाब में साफ होगा। प्लांट में साफ किए जाने वाले पानी की गुणवत्ता तीन गुना अधिक होगी।



प्लांटों के निर्माण का काम देख रहे गंगा प्रदूषण नियंत्रण इकाई के प्रोजेक्ट मैनेजर एसएस परमार ने बताया कि एनजीटी की गाइडलाइन के अनुसार नए प्लांटों में 10 बीओडी तक पानी को साफ किया जाएगा। इससे पहले बने प्लांटों पर 30 बीओडी तक पानी साफ किया जाता है। प्रोजेक्ट मैनेजर के अनुसार प्लांटों का निर्माण कर रही एजेंसियां 15 साल तक इनका रखरखाव भी करेंगी।

प्रयागराज के नैनी में बनाए जा रहे तीसरे सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट में कूड़े से बिजली भी बनाई जाएगी। पानी साफ करने के बाद जो कूड़ा निकलेगा, उससे मिथेन गैस बनाई जाएगी। गैस बनाने के लिए चैंबर बनाए जाएंगे। मिथेन गैस से बिजली बनाने के लिए मशीन लगाई जाएगी। मशीन की कीमत लगभग पांच करोड़ है। प्लांट में कूड़े से बिजली बनाने के लिए परिसर के भीतर नया ढांचा बनाया जाएगा और कूड़े से हर रोज 3500 यूनिट तक बिजली पैदा करने का लक्ष्य है।

### शंकरगढ़ थाना दिवस में एसडीएम बारा ने सुनी फरियादियों की फरियाद

# एसडीएम प्रेरणा गौतम ने थाना दिवस में दिए आवश्यक निर्देश 16 शिकायतें आई सामने

### थाना दिवस में फरियादियों को मिली न्याय की उम्मीद, एसडीएम ने दिलाया भरोसा

**मंत्र भारत संवाददाता**

प्रयागराज। जनपद के यमुनानगर थाना शंकरगढ़ में शनिवार को उपजिलाधिकारी बारा प्रेरणा गौतम की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एसडीएम बारा और प्रभारी निरीक्षक शंकरगढ़ यशपाल सिंह ने फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना और त्वरित निस्तारण के आदेश दिए। इस दौरान 16 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए फरियादियों द्वारा प्रस्तुत मामलों को न केवल गंभीरता से लिया गया बल्कि मौके पर ही 7 मामलों का त्वरित निस्तारण भी सुनिश्चित किया गया। एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण समय सीमा के भीतर किया जाए।राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने क्षेत्र में अतिक्रमण और अन्य विवादों को लेकर जांच की और संबंधित पक्षों को उचित निर्देश दिए।इस समाधान दिवस ने क्षेत्र के लोगों में प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ाया।फरियादियों ने अधिकारियों की सक्रियता और गंभीरता की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम उनकी समस्याओं को हल करने में मददगार साबित होते हैं।सम्पूर्ण समाधान दिवस जैसे कार्यक्रम प्रशासन और जनता के बीच संवाद का मजबूत जरिया बनते हैं। इससे न केवल समस्याओं का समाधान होता है, बल्कि पारदर्शिता और विश्वास भी कायम होता है। इस मौके पर कानूनगो देवी शंकर, कानूनगो अभय राज यादव समेत कई लेखपाल एवं थाना शंकरगढ़ के समस्त पुलिस स्टाफ मौजूद रहे।




# गरीब विकलांग की पत्नी को दबँगों ने साजिशन किया गायब! बेटी को दी जान से मारने की धमकी

### पीड़ित ने मुख्यमंत्री से न्याय व आरोपियों के खिलाफ सख्त़ कानूनी कार्रवाई की लगायी गुहार

**मंत्र भारत संवाददाता**

मऊआइमा (प्रयागराज)। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम मोहन का पूरा धीनपुर में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहाँ पुराने रंजिश के चलते गांव के ही दबंग विपक्षियों ने एक गरीब व विकलांग व्यक्ति की पत्नी को साजिशन गायब कर दिया। पीड़ित ने मुख्यमंत्री को प्रार्थनापत्र भेजकर इस गंभीर मामले में त्वरित मुकदमा दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित मोहम्मद अकरम पुत्र स्व. कुर्बान अली दाहिने पैर से पोलियोग्रस्त हैं और आर्थिक रूप से अत्यंत कमजोर परिवार से ताल्लुक रखते हैं। 10 मार्च 2025 की दोपहर लगभग 2:30 बजे उनकी पत्नी गांव के ही श्याम लाल कश्यप पुत्र विशम्बर की दुकान पर कुछ सामान लेने गयी थीं। बताया जाता है कि आरोपियों का परिवार प्रार्थी की पत्नी को अपने घर के अंदर ले गया और शाम तक रोके रखा। जब देर शाम तक पत्नी घर नहीं लौटी तो अकरम ने आस-पड़ोस व रिश्तेदारों में खोजबीन की, मगर कोई सुराग नहीं मिला। अगले दिन सुबह वह अपने बेटे मोहम्मद सुहेल को बसदेड्या स्थित कॉलेज में परीक्षा दिलाने ले गए। इसी बीच उनकी बेटी सुहाना बानों श्याम लाल के घर यह पूछने पहुँची कि उसकी माँ कहाँ है। वहाँ मौजूद श्याम लाल की पुत्री ने सुहाना को घर के अंदर बुलाया और उसकी माँ से बात कराई। साथ ही माँ का कपड़ा भी मंगवाकर उसे दे दिया। जब सुहाना घर लौटने लगी और अपने पिता को सब कुछ बताने की बात कही, तभी आरोपियों में श्याम लाल, उसकी पत्नी रानी देवी, बेटी मनोरमा और पुत्र महेन्द्र ने सुहाना को मौत के घाट उतार देने की धमकी देकर डरा-धमका दिया। साथ ही यह भी कहा कि अगर उसने अपनी माँ के बारे में किसी को बताया तो पूरे परिवार के साथ गंभीर अनहोनी होगी।



पीड़ित अकरम का कहना है कि विपक्षियों ने उसकी बेटी को डराकर सच छुपाने पर मजबूर किया, और अब उसकी पत्नी का कोई पता नहीं चल रहा है। उनका आरोप है कि विरोधी पक्ष ने पूरी साज़िश के तहत उसकी पत्नी को गायब कर दिया है, जिससे परिवार गहरे सदमे और भय के माहौल में जीने को मजबूर है। पीड़ित अकरम ने मुख्यमंत्री, वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों व प्रशासन से मांग की है कि आरोपी व्यक्तियों के विरुद्ध तत्काल मुकदमा दर्ज कर उनकी पत्नी को सुरक्षित खोजकर न्याय दिलाया जाए। स्थानीय ग्रामीणों का भी कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाये, ताकि इस तरह के अपराधों पर अंकुश लगाया जा सके।

# नहाय-खाय के साथ शुरू हुआ छठ महापर्व, खरना कल

प्रयागराज। सूर्योपासना का चार दिवसीय महापर्व कार्तिक छठ आज से नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया है। लोक आस्था के महापर्व छठ के चार दिवसीय अनुष्ठान की शुरुआत शनिवार को नहाय-खाय के साथ हो गई है। छठ के पहले दिन व्रती नर-नारियों ने अंतःकरण की शुद्धि के लिए नहाय-खाय के संकल्प के तहत नदियों-तालाबों के निर्मल एवं स्वच्छ जल में स्नान करने के बाद अरवा भोजन ग्रहण कर इस व्रत को शुरू किया। सुबह से ही गंगा नदी, तालाब, पोखर में व्रती स्नान करती हैं।

छठ महापर्व का दूसरा दिन, जिसे लोहंडा और खरना के नाम से जाना जाता है। रविवार को मनाया जाएगा। इस दिन व्रती महिलाएं पूरे दिन निर्जला उपवास रखते हैं और शाम को सूर्योस्त के समय भगवान सूर्य की पूजा करने के बाद दूध और गुड़ से बनी खीर का प्रसाद ग्रहण कर अपना उपवास तोड़ेंगी। ब्रह्म मुहूर्त 4 बजकर 47 मिनट से लेकर 5 बजकर 38 मिनट तक है। वहीं, अभिजीत मुहूर्त दिन 11 बजकर 42 से लेकर 12 बजकर 27 तक है। जबकि गोधूलि मुहूर्त शाम 5 बजकर 41 मिनट से लेकर 6 बजकर 6 मिनट तक है।

छठ पूजा में महिलाएं 36 घंटे तक व्रत रहती हैं। परिवार की सुख-समृद्धि तथा कष्टों के निवारण के लिए किए जाने वाले इस व्रत की एक खासियत यह भी है कि इस पर्व को करने के लिए किसी पुरोहित (पंडित) की आवश्यकता नहीं होती है। महापर्व छठ के दूसरे दिन महिला एवं पुरुष व्रती कल एक बार फिर नदियों, तालाबों में स्नान करने के बाद अपना उपवास शुरू करेंगे। दिनभर के निर्जला उपवास के बाद व्रती सूर्यास्त होने पर भगवान सूर्य की पूजा कर एक बार ही दूध और गुड़ से बनी खीर खाएंगे। इसके बाद जब तक चांद नजर आएगा तभी तक वह जल ग्रहण कर सकेंगे और उसके बाद से उनका करीब 36 घंटे का निराहार-निर्जला व्रत शुरू हो जाएगा।

इस महापर्व के तीसरे दिन व्रतधारी अस्ताचलगामी सूर्य को नदियों और तालाबों में खड़े होकर प्रथम अर्घ्य अर्पित करेंगे। व्रतधारी अस्त हो रहे सूर्य को फल और कंद मूल से अर्घ्य अर्पित करते हैं। पर्व के चौथे और अंतिम दिन नदियों और तालाबों में उदीयमान सूर्य को दूसरा अर्घ्य दिया जाएगा। दूसरा अर्घ्य अर्पित करने के बाद ही श्रद्धालुओं का करीब 36 घंटे का निराहार व्रत समाप्त होता है और वे अन्न-जल ग्रहण करते हैं।

# सेहुंडा की रामलीला में मुनि विश्वामित्र ने कराया राक्षसों का संहार

प्रयागराज। जनपद के यमुनानगर तहसील बारा क्षेत्र अंतर्गत सेहुंडा में चल रही रामलीला में चौथे दिन कलाकारों के द्वारा मुनि विश्वामित्र का अयोध्या के चक्रवर्ती राजा दशरथ के राज्य में आगमन और राक्षसी ताड़का वध की लीला का शानदार मंचन किया गया। सेहुंडा में चल रही रामलीला में सुबाहु और मारीच ने लंकापति रावण के कहने पर ऋषि मुनियों के द्वारा किए जा रहे यज्ञ सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान में बिध्न डालने का काम किया। जिस पर ऋषि विश्वामित्र ने यज्ञ की रक्षा के लिए राजा दशरथ से राम और लक्ष्मण को मांगा। राजा दशरथ राम और लक्ष्मण को भेजने में असमर्थता जताते है तो ऋषि वशिष्ठ राजा दशरथ को समझाते है, जिसके बाद राजा दशरथ राम और लक्ष्मण को भेज देते है। जहां राम और लक्ष्मण के द्वारा ताड़का का वध किया जाता है। इसकी जानकारी मिलते ही मारीच और सुबाहु आगबबूला हो जाते है, फिर राम लक्ष्मण और उनके बीच भयंकर युद्ध होता है, जिसमें भगवान श्री राम के द्वारा सुबाहु का वध एवं मारीच को 100 योजन दूर फेक दिया गया। रामलीला में हास्य कलाकार कैलाश लहरी और लल्ला यादव ने अपने खास अंदाज में दर्शकों को मनोरंजन कराया, तो वहीं व्यास का काम कर रहें मोहन लाल यादव ने लोगों को अपनी ओर आकर्षित किया।



# राष्ट्रीय सवर्ण पार्टी ने की पदोन्नति गौरी शंकर मिश्र बने जिला संयोजक

प्रयागराज। राष्ट्रीय सवर्ण आर्मी (भारत) ने हाल ही में जिला कोषाध्यक्ष गौरी शंकर मिश्रा को पदोन्नत कर जिला संयोजक विस्तारक यमुनानगर प्रयागराज बनाया है। यह निर्णय संगठन को मजबूत बनाने और सवर्ण समुदाय के हितों की रक्षा के लिए लिया गया है।गौरी शंकर मिश्रा की पदोन्नति से संगठन में हर्ष की लहर है। समाज सेवा के क्षेत्र में किए गए योगदान और सवर्ण समाज के प्रति उनके कार्यों की निष्ठा एवं समर्पण भाव को ध्यान में रखते हुए संगठन के संस्थापक संरक्षण एवं अध्यक्ष, राष्ट्रीय महासचिव की संस्तुति लेकर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश अनिल मिश्रा ने उनकी यमुनानगर प्रयागराज जिला संयोजक पद पर नियुक्ति की घोषणा की है। और प्रदेश अध्यक्ष ने गौरी शंकर मिश्र को उनके पद की गरिमा को ध्यान में रखते हुए सौंप गए दायित्व का पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निर्वहन करने के लिए संगठन की बात और नीतियां मजबूती से लोगों के सामने रखने की बात कही है।



आगे उन्होंने कहा है कि संगठन के नियम अनुसार काम करेंगे और संगठन को सशक्त बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे। संगठन को पूर्ण विश्वास है कि गौरी शंकर मिश्र समाज को एक नई दिशा देंगे और संगठन को एक नई ऊर्जा प्रदान करेंगे। यह निर्णय तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है इनका कार्यकाल 1 वर्ष का होगा। मिश्रा की नियुक्ति से संगठन को नए आयाम मिलने की उम्मीद है।राष्ट्रीय सवर्ण आर्मी (भारत) की जिला कमेटी का गठन किया गया है, जिसमें गौरी शंकर मिश्रा को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह कमेटी सवर्ण समुदाय के हितों की रक्षा और संगठन को मजबूत बनाने के लिए काम करेगी।

## सम्पादकीय

# धनी देशों का गंदा सच, गरीब देशों को बना रहे हैं ई-कचरे का स्टोर हाउस क्लीन दिखने की होड़ में गंदगी का निर्यात


यह विचित्र है कि दुनिया के धनी देश अपने यहां तो स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के सवाल पर सजग दिखते हैं, लेकिन गरीब देशों को उन्होंने कचरापट्टी का ठिकाना समझ लिया है। अगर कोई भी देश अपने यहां सामान्य गंदगी से लेकर ई-कचरे तक का ढेर नहीं लगने देता है, साफ-सफाई और पुनर्चक्रण का बेहतर इंतजाम करता है, तो यह स्वाभाविक है। मगर यह समझना मुश्किल है कि बहुत सारे अमीर देश अपने कचरे को ठिकाना लगाने के लिए विकासशील या गरीब देशों में ही क्यों भेज देते हैं।

इस संबंध में लंबे समय से सवाल उठाए जा रहे हैं और बताया गया है कि जिस मात्रा में विकसित देशों का कचरा विकासशील देशों में भेजा जा रहा है, उसके गंभीर खमियाजे सामने उठाने पड़ेंगे। संबंधित सरकारों को इसे रोकने के लिए हर स्तर पर तत्काल कदम उठाने चाहिए। मगर इस समस्या की गंभीरता का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि कई देशों की ओर से तीखा विरोध उभरने के बावजूद आज भी अमीर देशों ने अपना ई-कचरा विकासशील देशों में भेजा जाना जारी रखा है।

इस संबंध में पर्यावरण पर नजर रखने वाली संस्था बासेल एक्शन नेटवर्क यानी बीएएन ने बुधवार को जारी अपनी एक रपट में कहा है कि अमेरिका से लाखों टन खराब इलेक्ट्रानिक सामग्री दूसरे देशों में भेजी जा रही है, जिनमें से अधिकतर दक्षिण पूर्व एशिया के विकासशील देश हैं। ज्यादा चिंता की बात यह है कि जिन देशों में ये खतरनाक ई-कचरे भेजे जा रहे हैं, वे इसके सुरक्षित रूप से निस्तारण के लिए तैयार नहीं हैं। अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है कि ये घातक कचरे जिन देशों में भेजे जा रहे हैं, वहां की आबोहवा किस हद तक प्रभावित होगी और उसका आम लोगों के जीवन पर कितना घातक असर पड़ेगा। बीएएन की रपट के मुताबिक, दो वर्ष तक हुई जांच में यह पाया गया कि कम से कम दस अमेरिकी कंपनियां इस्तेमाल किए गए इलेक्ट्रानिक सामान को एशिया और पश्चिम एशिया के देशों में भेजी जाती पाई गई हैं। इलेक्ट्रानिक कचरे में फोन, कंप्यूटर जैसे खराब और फेंके गए उपकरण हैं, जिनमें सीसा, कैडमियम और मरकरी जैसी कीमती सामग्री से लेकर विषाक्त धातु भी शामिल हैं।

गौरतलब है कि बेसल समझौते के तहत केवल उसी तरह के कचरे को एक से दूसरे देश ले जाने की इजाजत है, जो पुनर्चक्रित होने, दोबारा इस्तेमाल में आने के साथ-साथ जहरीला और पर्यावरण के लिए हानिकारक न हो। यह जगजाहिर है कि इलेक्ट्रानिक सामान की दुनिया में कितनी तेजी से नए यंत्र सामने आ रहे हैं। किसी यंत्र का नया संस्करण के आने के बाद कुछ समय के भीतर ही बड़ी तादाद में पुराने यंत्र कचरे में तब्दील हो जाते हैं। यही वजह है कि वैश्विक पैमाने पर पुनर्चक्रण के मुकाबले ई-कचरे में पांच गुना तेजी से बढ़ोतरी हो रही है।

जिन देशों में यह कचरा भेजा जाता है, वहां के जल, भूमि और वायु पर इसका गहरा और विपरीत असर पड़ता है और पर्यावरण बुरी तरह प्रभावित होता है। इसके बाद उससे होने वाले प्रदूषण के दायरे में जो भी आबादी आती है, उसके स्वास्थ्य पर बहुस्तरीय जोखिम पैदा होते हैं। सवाल है कि संसाधनों और सुविधाओं के उपभोग के समांतर ही अनिवार्य रूप से पुनर्चक्रण की व्यवस्था करने के बजाय अमीर और विकसित देशों ने गरीब और विकासशील देशों को अपने खतरनाक ई-कचरे का ठिकाना क्यों बना लिया है। अगर समय रहते इस समस्या का ठोस हल नहीं निकाला गया, तो इस 'छिपी हुई सुनामी' के बेहद खतरनाक नतीजे सामने आ सकते हैं।



# योगी-केशव में सुलह, पर मन नहीं मिले; बिहार से बंगाल तक सियासी गरमागरमी, कहीं टिकट की जंग, कहीं गठबंधन की लड़ाई

बिहार और झारखंड में राजद और झामुमो के बीच टिकट बंटवारे को लेकर तीखी बहस हो रही है। उत्तर प्रदेश में योगी और केशव की दूरी अभी साफ नहीं हुई, जबकि कांग्रेस की श्रद्धा और ओवैसी का तेलंगाना समर्थन राजनीतिक हलचल बढ़ा रहा है। पश्चिम बंगाल में तृणमूल चुनावी तैयारी में जुटी है। पूरे देश में गठबंधन, टिकट और समर्थन की राजनीति गरमाई हुई है।

राष्ट्रीय जनता दल को बिहार में टिकट बंटवारे के मुद्दे पर केवल कांग्रेस से ही उलझना नहीं पड़ा है, बल्कि वाम दलों और झारखंड मुक्ति मोर्चा ने भी तेजस्वी यादव का सिरदर्द कम नहीं बढ़ाया। झामुमो और राजद के नेताओं के बीच तो जुबानी जंग भी चल रही है। दोनों पार्टियों के प्रवक्ता परस्पर आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल कर रहे हैं। झामुमो के नेता और झारखंड सरकार में मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने तो पत्रकारों के सामने राजद पर धूर्तता का आरोप भी लगा दिया। इस तरह के आरोप पर राजद खेमे का भड़कना स्वाभाविक था। कुछ दिन पहले घोषणा की गई थी कि झामुमो को भी बिहार के महागठबंधन में शामिल किया जाएगा। तभी तो राहुल गांधी और तेजस्वी की 'वोटर अधिकार यात्रा' के समापन के मौके पर पटना में हुई रैली में मार्च में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी शामिल हुए थे। झामुमो को दो सीट मिलने का भरोसा था। पर, आखिरी वक्त राजद ने गच्चा दे दिया और एक भी सीट नहीं दी। नाराज होकर झामुमो ने शुरू में छह सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े करने की बात कही थी, लेकिन बाद में पीछे हट गई। झामुमो का कहना था कि उसने झारखंड में पिछले साल राजद को छह सीट दी थी। तब, जबकि उनका एक ही विधायक था। झामुमो की शिकायत है कि यादव उसे वोट नहीं देते, भाजपा को दे देते हैं। लगता है कि बिहार की इस तनातनी का असर झारखंड में भी दिखेगा।



उत्तर प्रदेश में भाजपा आलाकमान ने हस्तक्षेप करके राज्य सरकार के दो बड़े नेताओं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य के बीच सुलह भले करा दी हो, पर दोनों के रिश्ते सहज नहीं लगते। योगी जहां हिंदुत्व का चेहरा हैं, वहीं केशव मौर्य भाजपा का ओबीसी चेहरा ठहरे। मौर्य को मुख्यमंत्री न बन पाने का मलाल तो है ही। पिछले हफ्ते राज्य के सेवानिवृत्त मुख्य सचिव मनोज कुमार दोनों की लड़ाई में मोहरा बनते-बनते योगी की कृपा से बच पाए। राजपूत मनोज के खिलाफ केशव मौर्य के मंत्रालय ने दस करोड़ की वसूली का नोटिस जारी कर दिया था। आरोप था, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति के क्रियान्वयन में अनियमितता का। मामला योगी तक पहुंचना ही था। उन्होंने जारी नोटिस गुरुवार को निरस्त करा दिया। नया आदेश जारी किया सूबे के कृषि उत्पादन आयुक्त दीपक कुमार ने।

बिहार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी अपने सहयोगी दलों के साथ पूरा जोर लगा रही है। चुनावी दंगल के बहाने ही सही, अरसे बाद पार्टी को पुराने नेताओं की याद आई है। कांग्रेस नेतृत्व पर पार्टी से जुड़े नेताओं को उपेक्षित करने का आरोप लगता रहा है। इस बार बिहार से जुड़े नेता की पुण्यतिथि पर कांग्रेस के शीर्ष नेताओं ने अपनी श्रद्धांजलि दी। पार्टी के शीर्ष नेताओं से लेकर स्थानीय नेता भी पार्टी मुख्यालय में श्रद्धांजलि देने के लिए जुटे। लेकिन, अचानक से उमड़ी इस श्रद्धा पर सवाल भी उठे कि अभी तक तो ऐसा कोई कार्यक्रम नहीं किया था। यह श्रद्धांजलि कार्यक्रम सियासी समीकरण की भेंट तो चढ़ा ही, वरिष्ठों की उपेक्षा को लेकर पुराने जख्म भी हरे हो गए।

असदुद्दीन ओवैसी के राजनीतिक कदम का समीकरण अक्सर दूसरे दलों पर भारी पड़ता है। वे जहां दोस्ती का भाव दिखाते हैं, वहां भी उन्हें दुश्मन की तरह आंका जाता है। खास कर विपक्ष को वे उलझा देते हैं। फिलहाल ओवैसी ने तेलंगाना में कांग्रेस को दुविधा में डाल दिया है। तेलंगाना की दुविधा का असर पड़ना बिहार में है। राज्य की सिकंदराबाद लोकसभा में आने वाली विधानसभा सीट जुबली हिल्स के उपचुनाव में एआइएमआइएम ने अपना उम्मीदवार नहीं उतारा है। अलबत्ता कांग्रेस के समर्थन का एलान किया है। इस सीट पर उपचुनाव की नौबत 2023 में विजयी हुए बीआरएस के गोपीनाथ के निधन के कारण आई है। यह बीआरएस का दुर्ग मानी जाती है। उपचुनाव में मुख्य मुकाबला बीआरएस, कांग्रेस और भाजपा उम्मीदवारों के बीच है। खुद ओवैसी हैदराबाद से ही लोकसभा सदस्य हैं। ओवैसी ने तंज भी कसा है कि कांग्रेस भले उन्हें अछूत मानती हो पर वे धर्मनिरपेक्ष सोच के कारण जुबली हिल्स में उसका समर्थन कर रहे हैं। इस समर्थन ने कांग्रेस की दुविधा बढ़ा दी है। पार्टी जानबूझ कर कोई प्रतिक्रिया नहीं दे रही। वह विरोध कर नहीं सकती और समर्थन के लिए आभार जताएगी तो बिहार में गलत संदेश जाएगा। जहां महागठबंधन ओवैसी को भाजपा की 'ब टीम' बताता है। विमर्श बदल न जाए, इसी कारण 243 में पांच सीट की ओवैसी की मांग भी ठुकरा दी महागठबंधन ने। 2020 के चुनाव में ओवैसी ने विपक्ष का खेल बिगाड़ा था।

दीदी बखूबी जानती हैं कि पश्चिम बंगाल में एसआइआर (विशेष पुनरीक्षण अभियान) को रोकना आसान नहीं होगा। आयोग ने तैयारी कर ली है। उम्मीद है कि अगले कुछ दिनों में प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। बिहार की तरह ही आयोग को हर सूबे में यह काम तीन महीने में पूरा करना है। तभी तो तृणमूल कांग्रेस की मुखिया और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने अपने कार्यकर्ताओं को धरातल पर उतरने और मतदाता सूची घर-घर ले जाकर ये जांच करने को कहा है कि तृणमूल समर्थकों के नाम सूची में हैं या नहीं। बूथ स्तर के एजंटकी नियुक्ति भी शुरू कर दी है। उनके कार्यकर्ता घर-घर जाकर देखेंगे कि उनके समर्थकों के पास जरूरी दस्तावेज हैं या नहीं। आधार के अलावा आयोग ने बिहार में जिन 11 दस्तावेजों का एलान किया था, उनमें से कोई एक सबके पास हो, यह तय करेंगे तृणमूल के कार्यकर्ता। खबर तो यह भी आ रही है कि तृणमूल कार्यकर्ता और नेता बीएलओ को धमकी दे रहे हैं। घबरा कर कुछ बीएलओ पीछे हटने लगे हैं। कई बीएलओ को चुनाव आयोग द्वारा नोटिस भेजने से इसकी पुष्टि होती है। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव अगले साल है।

# बिहार के भाजपा-जदयू नेता कर रहे होंगे कामना- दिल्ली में छठ पूजा का हो बढ़िया इंतजाम

आज शनिवार को नहाय-खाय से छठ का पावन पर्व शुरू हो गया है। राजधानी दिल्ली में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता इस बार के छठ को ऐतिहासिक, यादगार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ रही हैं। पिछले साल की तस्वीरें जरूर झाग वाली यमुना, प्रदूषण में डुबकी लगाते श्रद्धालुओं की रही थी, लेकिन अब जब दिल्ली में बीजेपी की सरकार है, इस नेरेटिव को बदलने की पुरजोर कोशिश जारी है। दिलचस्प यह है कि जितनी मेहनत दिल्ली की रेखा सरकार कर रही है, उससे ज्यादा कामना दिल्ली से 1, 123.6 किलोमीटर दूर बिहार में बैठे एनडीए के नेता कर रहे हैं।

दिल्ली में प्रवासी लोगों की संख्या सबसे ज्यादा है, यहां भी यूपी-बिहार से आए लोग ज्यादा तादाद में रहते हैं। 2011 की जनगणना बताती है कि दिल्ली में तीन में से दो प्रवासी या तो उत्तर प्रदेश के होते हैं या फिर बिहार से। यहां भी आंकड़े इस बात की पुष्टि कर रहे हैं कि बिहार से आए लोगों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। अकेले दिल्ली के तीन जिलों में प्रवासियों की संख्या 40 फीसदी के करीब है, यहां भी नई दिल्ली, साउथ दिल्ली और दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली में इनकी उपस्थिति सबसे ज्यादा मानी जाती है। बात अगर बिहारी प्रवासियों की करें तो दिल्ली के उत्तर, पश्चिमी, और दक्षिण जिलों में दो लाख के करीब उनकी आबादी है।

अब दिल्ली की इस प्रवासी आबादी के लिए छठ पर्व एक बड़ा धार्मिक अनुष्ठान है। वे राजधानी में जब यमुना किनारे सूर्य को अर्घ्य देने जाते हैं, उनके लिए वो सिर्फ पूजा मात्र तो नहीं है, वे तो इसे अपनी संस्कृति, अपनी प्राचीन परंपरा और अपनी अस्मिता से जोड़कर देखते हैं। आज के दौर में जब कुछ लोग खुद की बिहारी पहचान छिपाने की कोशिश करते हैं, उनसे बड़ी तादाद ऐसे लोगों की है जो उसी पहचान पर गर्व करते हैं। ऐसे में उनकी आस्था को अगर जरा भी चोट पहुंचेगी तो सियासी झटके सिर्फ राजधानी दिल्ली तक सीमित नहीं रहने वाले हैं, बिहार के गलियारों में भी इस पर राजनीतिक रोटियां जरूर सेकी जाएंगी और एनडीए को भी इसी बात का डर सता रहा है।

इस समय दिल्ली में बिहारी प्रवासियों का सम्मान ही बिहार में एनडीए का सियासी भविष्य तय कर सकता है। इस देश में आज भी कई मौकों पर असल मुद्दों पर जाति और धर्म हावी हो जाते हैं। ऐसे में दिल्ली में अगर रेखा सरकार से छठ के आयोजन में कोई भी चूक होगी, उसका विपक्ष के लिए सीधा मतलब होगा- बिहारियों का अपमान, बिहारी परंपरा का अपमान और बिहारी अस्मिता को चोट। ऐसे में भावनात्मक मुद्दे कई बार पासा पलट सकते हैं और जीती हुई बाजी भी हारी जा सकती है।



ऐसे में दिल्ली में छठ के अच्छे आयोजन का मतलब है कि राजधानी में रहने वाले कई प्रवासी वोटर जब बिहार में चुनाव के लिए वोटिंग करने जाएंगे, उनके मन में यह जरूर रहेगा कि बीजेपी सरकार ने उनकी आस्था का ख्याल रखा, उनकी धार्मिक परंपराओं का पूरी तरह सम्मान किया गया। वो सम्मान, वो इज्जत ही किसी पार्टी के पक्ष में माहौल बनाने के लिए काफी है। चुनाव आयोग खुद इस बात को मानता है कि जब भी छठ पर्व के बाद बिहार में विधानसभा चुनाव करवाए जाते हैं तो वोटिंग प्रतिशत में वृद्धि देखने को मिलती है, इसमें बड़ी संख्या प्रवासियों की भी रहती है। ऐसे में यह एक ऐसा वोटबैंक है जो कहने को बिहार में मौजूद नहीं है, लेकिन फिर भी बिहार की राजनीति में काफी अहम बना हुआ है।

बीजेपी के लिए तो इस बार छठ ज्यादा बड़ी चुनौती इसलिए भी है क्योंकि उसके 'डबल इंजन' वाले वादे की ये अग्नि परीक्षा है। पहले तो फिर भी दिल्ली में केजरीवाल की सरकार थी तो अगर छठ के आयोजन में चूक हो गई तो बीजेपी उसे बिहार में आराम से सियासी मुद्दा बना सकती थी, लेकिन अब जब राजधानी में उनकी सरकार है, केंद्र में वे सत्ता में है और बिहार में भी एनडीए ही राज कर रहा है, इस स्थिति में तो कोई भी बहाना काम नहीं आने वाला है और वोटर भी इसी कसौटी पर परखेगा।

वैसे दिल्ली की रेखा सरकार कसौटी पर कितना खरी उतर रही है, इसका असल प्रचार दिल्ली से मनोज तिवारी को करना होगा। वे बीजेपी के एक बड़े पूर्वांचली नेता हैं, भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार हैं और बिहार की जनता के बीच में उनकी लोकप्रियता भी जबरदस्त है। इसी तरह रवि किशन को भी बीजेपी अपना ब्रांड एंबेसडर बना सकती है, 'छठ के सफल आयोजन' वाले नेरेटिव का प्रचार उनके कंधों पर भी रहने वाला है। इन दोनों ही नेताओं को बीजेपी ने बिहार चुनाव में भी अपनी स्टार प्रचारक की सूचि में रखा है और बिहार के पूर्वी-चम्पारण, पश्चिम-चम्पारण, सीवान, सारण, समस्तीपुर, गोपालगंज जैसी सीटों पर उनका ठीक-ठाक प्रभाव भी है।

अभी के लिए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने छठ आयोजन को लेकर बड़े वादे कर दिए हैं, बिहार एनडीए के नेता भी उम्मीद भरी नजरों से राजधानी को देख रहे हैं। राज्य सरकार का दावा है कि इस बार छठ महापर्व को दिवाली जैसी भव्यता दी जाएगी। इसके ऊपर यमुना नदी के किनारे 17 मॉडल छठ घाट बनाए जा रहे हैं, पूरी कोशिश है कि श्रद्धालुओं को अर्घ्य देते समय शुद्ध जल मिले। सोशल मीडिया उन तस्वीरों से भी पट चुका है जहां पर सांसद, विधायक और पार्षद अपने-अपने क्षेत्रों के घाटों पर जाकर सफाई अभियान चला रहे हैं। ऐसे में दिल्ली में छठ के बेहतर इंतजाम की तैयारी पूरी है और बिहार एनडीए नेताओं की प्रार्थना भी लगातार जारी है।

# ट्रंप के एशिया दौरे पर भारत क्यों रखे हुए है नजर? क्या वैश्विक राजनीति के समीकरण बदलने वाले हैं?

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आगामी एशिया यात्रा केवल एक कूटनीतिक औपचारिकता नहीं है; यह वैश्विक शक्ति-संतुलन, व्यापार व्यवस्था और रणनीतिक गठबंधनों के पुनर्संयोजन की एक निर्णायक प्रक्रिया का संकेत देती है। यह दौरा मलेशिया, जापान और दक्षिण कोरिया तक फैला है। यह तीन ऐसे देश हैं जो न केवल एशिया की आर्थिक धुरी हैं बल्कि अमेरिका की 'इंडो-पैसिफिक' नीति के केंद्रीय स्तंभ भी हैं।

हम आपको बता दें कि ट्रंप का पहला पड़ाव मलेशिया होगा, जहाँ वह आसियान शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे। 2017 के बाद यह उनका पहला प्रत्यक्ष सहभाग होगा। वह न केवल व्यापारिक वार्ताओं में भाग लेंगे, बल्कि दक्षिण-पूर्व एशिया की नाजुक शांति प्रक्रिया में भी भूमिका निभाएंगे– विशेषकर थाईलैंड और कंबोडिया के बीच सीमा विवाद के समाधान में।

यह संकेत है कि अमेरिका पुनः इस क्षेत्र में 'सुरक्षा साझेदार' के रूप में अपनी भूमिका को पुनर्स्थापित करना चाहता है। चीन के बढ़ते प्रभाव, विशेषकर दक्षिण चीन सागर में, ने वॉशिंगटन को यह महसूस कराया है कि यदि वह एशिया में प्रभाव बनाए रखना चाहता है, तो उसे केवल आर्थिक नहीं, बल्कि कूटनीतिक और सुरक्षा स्तर पर भी सक्रिय होना पड़ेगा।

मलेशिया के साथ ट्रंप की द्विपक्षीय वार्ता का केंद्र सेमीकंडक्टर, व्यापार, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल ऊर्जा सहयोग पर रहेगा। यह इस बात का प्रमाण है कि अमेरिका अब 'नवऔद्योगिक तकनीक' को अपने रणनीतिक प्रभाव का नया माध्यम बनाना चाहता है। यह भी गौरतलब है कि ट्रंप के आने से पहले चीन के उप-प्रधानमंत्री हे लीफेंग और अमेरिकी वित्त सचिव स्कॉट बेसेंट के बीच भी मलेशिया में वार्ता तय है जो बताती है कि इस यात्रा के पीछे आर्थिक टकराव को शांत करने का गहरा प्रयास छिपा है।

ट्रंप का दूसरा पड़ाव टोक्यो है, जहाँ ट्रंप जापान की पहली महिला प्रधानमंत्री साने ताकाइची से मिलेंगे। हम आपको बता दें कि अमेरिका-जापान संबंध परंपरागत रूप से स्थिर माने जाते हैं, पर हाल के वर्षों में 'टैरिफ संतुलन' और 'ऊर्जा नीति' को लेकर मतभेद बढ़े हैं। ट्रंप प्रशासन जापान से 550 अरब डॉलर के निवेश की अपेक्षा कर रहा है, जिसे जापान 'अवास्तविक' बता चुका है। वहीं, जापान के लिए चुनौती यह है कि अमेरिका ने अब भी ऑटोमोबाइल और इस्पात जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर ऊँचे आयात शुल्क लगाए हुए हैं। इसके साथ ही अमेरिका ने जापान पर रूस से तरलीकृत प्राकृतिक गैस खरीद घटाने का भी दबाव डाला है।

यहाँ ट्रंप की रणनीति दोहरी है– एक ओर वह जापान से अमेरिकी अर्थव्यवस्था में बड़े निवेश की अपेक्षा रखते हैं, दूसरी ओर, वह यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि जापान की ऊर्जा निर्भरता रूस पर न रहे। यह नीति केवल आर्थिक नहीं, बल्कि भू-राजनीतिक भी है, क्योंकि अमेरिका चाहता है कि उसके एशियाई सहयोगी रूस और चीन दोनों से दूरी बनाए रखें।

हम आपको यह भी बता दें कि ट्रंप की यात्रा का चरम बिंदु दक्षिण कोरिया के ग्योंगजू शहर में होगा, जहाँ वह एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से बहुप्रतीक्षित मुलाकात करेंगे। यह बैठक वैश्विक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। अमेरिका और चीन के बीच व्यापारिक तनाव, दुर्लभ खनिजों पर निर्यात नियंत्रण और फेंटानिल (एक खतरनाक मादक पदार्थ) की तस्करी पर रोक जैसे मुद्दे एजेंडा में हैं। हाल के महीनों में बीजिंग ने रणनीतिक धातुओं के निर्यात पर प्रतिबंध लगाए हैं, जिन पर अमेरिकी रक्षा उद्योग काफी हद तक निर्भर है। ट्रंप चाहते हैं कि दोनों देशों के बीच 'सब कुछ पर एक समझौता' हो जाए– यह बयान जितना महत्वाकांक्षी है, उतना ही कठिन भी।



सियोल के साथ भी ट्रंप एक महत्वपूर्ण निवेश समझौता अंतिम रूप देने की कोशिश करेंगे। हालांकि, हाल ही में अमेरिकी एजेंसियों द्वारा जॉर्जिया स्थित एक कोरियाई फैक्ट्री पर छापे के बाद दोनों देशों के संबंधों में तनाव आया है। फिर भी, दक्षिण कोरिया ट्रंप प्रशासन को यह दिखाना चाहता है कि वह इंडो-पैसिफिक रणनीति में एक स्थायी और भरोसेमंद भागीदार है।

दूसरी ओर, भारत के दृष्टिकोण से ट्रंप की एशिया यात्रा के कई आयाम हैं। सबसे पहले भारत भी इस दौरे में 'आसियान डिजिटल सम्मेलन' के माध्यम से आभासी भागीदारी करेगा। यह इस बात का प्रतीक है कि नई दिल्ली भले ही अमेरिका के साथ हाल के महीनों में टैरिफ विवादों से गुजरी हो लेकिन भारत अपने क्षेत्रीय हितों की उपेक्षा नहीं कर रहा। साथ ही भारत के लिए ट्रंप-शी भेंट का महत्व विशेष रूप से बड़ा है। यदि अमेरिका और चीन के बीच किसी प्रकार का व्यापारिक सामंजस्य बनता है, तो इसका सीधा असर भारत की निर्यात नीति, तकनीकी आपूर्ति श्रृंखलाओं, और एशिया में शक्ति-संतुलन पर पड़ेगा। भारत के लिए यह अवसर भी है और चुनौती भी क्योंकि अमेरिका और चीन के बीच स्थिरता से भारत के 'रणनीतिक स्वायत्तता' के लिए जगह कम हो सकती है।

साथ ही, अमेरिका का दक्षिण-पूर्व एशिया में बढ़ता हस्तक्षेप भारत की 'एक्ट ईस्ट' नीति को भी पूरक दिशा देता है। यदि वॉशिंगटन और क्वॉड (भारत, जापान, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका) मिलकर इंडो-पैसिफिक में नई आर्थिक एवं तकनीकी व्यवस्था गढ़ते हैं, तो भारत के लिए यह क्षेत्रीय एकीकरण और निवेश के नए अवसर खोलेगा।

देखा जाये तो ट्रंप की यह यात्रा केवल एक कूटनीतिक दौरा नहीं, बल्कि अमेरिकी नेतृत्व के पुनर्प्रतिष्ठान का प्रयास है। आसियान, एपीईसी, और चीन– इन तीनों मोर्चों पर अमेरिका अपनी 'आर्थिक राष्ट्रवाद' की नीति को नई विश्व-व्यवस्था के अनुकूल ढालने की कोशिश कर रहा है। भारत को इस प्रक्रिया में सजग रहना होगा। जहाँ एक ओर ट्रंप की व्यापारिक आक्रामकता भारत के निर्यात को प्रभावित कर सकती है, वहीं दूसरी ओर यह भारत के लिए एक अवसर भी है एशिया में संतुलनकारी शक्ति के रूप में उभरने का। बहरहाल, ट्रंप की एशिया यात्रा, वैश्विक राजनीति के लिए जितनी निर्णायक है, भारत के लिए उतनी ही सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण। यह केवल अमेरिका-चीन समीकरण की कहानी नहीं है, बल्कि एशिया में नए युग के शक्ति-संतुलन की भूमिका भी तय करेगी।

## पुलिस ने दो नफर वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा

**मंत्र भारत संवाददाता**

सिद्धार्थनगर। जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन व सुजीत कुमार राय क्षेत्राधिकारी बाँसी के कुशल पर्यवेक्षण, अनूप कुमार मिश्र थानाध्यक्ष थाना खेसरहा के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत निर्गत वारण्ट वाद संख्या 174/12 धारा 323/504/506 थाना खेसरहा से सम्बन्धित वारण्टीगण गंगाराम पुत्र राम किशुन साकिन विशुनपुरवा थाना खेसरहा चैतू पुत्र काशी साकिन विशुनपुरवा थाना खेसरहा को को गिरफ्तार कर सम्बन्धित न्यायालय भेजा गया।




### जौनपुर जनपद पहुंची पर्यावरण और स्वास्थ्य जागरूकता अभियान साइकिल यात्रा

# हमारा उद्देश्य सिर्फ साइकिल चलाना नहीं, बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य और स्वच्छ पर्यावरण का संदेश फैलाना है - अताउल अंसारी

**मंत्र भारत संवाददाता**

गोपीगंज। पर्यावरण और स्वास्थ्य जागरूकता की दिशा में अग्रणी भदोही साइकिलिंग क्लब द्वारा रविवार को निकली साइकिल यात्रा ने इतिहास रच दिया। गोपीगंज बड़ा चौराहा से शुरू हुई यह यात्रा जौनपुर जनपद के कोदैला ग्राम सभा तक गई।

क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष अताउल अंसारी ने हरी झंडी दिखाकर साइकिल यात्रा को रवाना किया। साइकिल यात्रा गोपीगंज राष्ट्रीय राजमार्ग बड़ा चौराहा से आरंभ होकर इब्राहिमपुर, ज्ञानपुर, देवनाथपुर, नेशनल तिराहा, अज़ीमुल्ला चौराहा, मर्यादपट्टी, पिपरी, दुर्जनपुर, याकूबपुर होते हुए जौनपुर जनपद में प्रवेश करके कोदैला ग्राम सभा पहुंची।

वहां पहुँचने पर कोदैला के प्रधान प्रतिनिधि बृजराज बीके सिंह, समाजसेवी घनश्याम दुबे और महेंद्र सिंह बड़ी संख्या में अपने समर्थकों के साथ मौजूद रहें और सभी साइकिल चालकों का फुल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। प्रधान प्रतिनिधि ने कहा कि गांव के लोग भी आधुनिक सुविधाओं के आदी होते जा रहे हैं। योग व्यायाम खेलकूद से दूरी बीमारी को पास बुला रही है। सभी को सुबह उठकर योग व्यायाम के साथ आसपास के कार्य साइकिल से या पैदल करना चाहिए। इससे हमारा शरीर भी स्वस्थ रहेगा और पर्यावरण भी सुरक्षित रहेगा। भदोही साइकिलिंग क्लब का यह अभियान बहुत ही प्रशंसनीय और सराहनीय है। हमलोग भी कोशिश करेंगे की इस तरह के कार्यक्रम अपने जनपद में भी किया जाए जिससे सभी योग, व्यायाम, साइकिल चलाना, पैदल टहलना, खेलकूद आदि को लेकर प्रेरित हो और हमारा समाज स्वस्थ रहे।

बृजराज बीके सिंह, समाजसेवी घनश्याम दुबे और महेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से साइकिल यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और साथ ही साथ साइकिल लेकर यात्रा में शामिल हुए।

साइकिल यात्रा पुनः आरंभ होकर कोदैला, आशापुर, फेरुपुर, कटौना, दुबेपुर, खेमापुर के आस पास का भ्रमण करते हुए वृक्ष लगाओ पर्यावरण बचाओ, वृक्षों की जब करोगे रक्षा, तभी बनेगा जीवन अच्छा, हिंदुस्तान जिंदाबाद, स्वस्थ रहे मस्त रहे, करो योग रहो निरोग,



हम सबने ये ठाना है पुरे उत्तर प्रदेश को स्वस्थ्य बनाना है, सुबह की हवा सौ रोगों की दवा, भारत माता की जय, वन्दे मातरम का नारा लगाते हुए लोगों को स्वास्थ्य और पर्यावरण के बारे में जागरूक करते हुए समाजसेवी घनश्याम दुबे के आवास पर इसका समापन हुआ।

बताते चले की पुरेगुलाब गोपीगंज निवासी अताउल अंसारी की अध्यक्षता में लोगों को स्वास्थ्य और पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए प्रत्येक रविवार को 2021 से साइकिल यात्रा निकाली जा रही है। इस क्रम में पूर्व में ये साइकिल यात्रा नेपाल, बिहार, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के कई जिलों में पहुंचकर लोगों को जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं और अब इनके इस मुहिम में जिले के कई चिकित्सक, अधिकारी, अधिवक्ता, अध्यापक, युवा, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि भी सम्मिलित होकर स्वास्थ्य और पर्यावरण जागरूकता के लिए प्रत्येक रविवार को साइकिल यात्रा में सम्मिलित हो रहे है। वही अताउल अंसारी के इस पहल की लोगों मे खूब सराहना हो रही है।

साइकिल यात्रा में अजीत सिंह, डॉ रत्नेश दुबे, राजेश दुबे, ऋषिराज दुबे, प्रवीण श्रीवास्तव, रियाज अहमद राजा, सरफराज अहमद, अनिल दुबे, समरजीत दुबे, मनोज दुबे, विक्कू दुबे, भोला दुबे, राजेश प्रजापति, अवधेश गौतम, उमेश गौतम, राजेश सिंह, राकेश सिंह, सुरेश सिंह, रंग बहादुर सिंह, प्रमोद मौर्या, महमूद आलम, अब्दुल कय्यूम, तनवीर अंसारी, जगदीश यादव, मोहम्मद इमरान, कमलेश कश्यप, मैनू अली, मोहम्मद इम्तियाज, सभाजीत यादव, रामविलास यादव, कड़ेदिन यादव, हरिश्चंद्र यादव, लल्लन यादव, आशीष यादव, गोरख दुबे, नरेंद्र सिंह, पप्पू सिंह, जोगेंद्र गौतम, महेंद्र गौतम समेत आदि रहे।

# मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का किया गया निरीक्षण

**मंत्र भारत संवाददाता**

भदोही। मुख्य चिकित्सा अधिकारी भदोही डॉक्टर संतोष कुमार चक द्वारा उपकेन्द्र उचेठा का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान अधोहस्ताक्षरी के संज्ञान में आया है कि आरूशी देवी सी0एच0ओ0 एच0डब्लू0सी0 पर नही आती है और न ही मुख्यालय पर निवास कर ड्यूटी संम्पादित करती है। एच0डब्लू0सी0 पर सफाई व्यवस्था सन्तोषजनक नही पायी गयी ऐसा प्रतीत हो रहा था कि कई महीनो से सफाई नही किया गया है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा श्रीमती आरूशी देवी सी0एच0ओ0 के द्वारा कार्य में लापरवाही होने के कारण उनका माह अक्टुबर, 2025 का 07 दिवस का वेतन अग्रिम आदेशो तक बाधित किया जाता है।

उपकेन्द्र, अवसानपुर - आज दिनांक 26.10.2025 को अपरान्ह् 2.30 बजे उपकेन्द्र अवसानपुर का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान उपकेन्द्र पर श्रीमती बबिता देवी, ए0एन0एम0 मुख्यालय पर निवास कर ड्यूटी संम्पादित नही करती है। उपकेन्द पर सफाई व्यवस्था सन्तोषजनक नही पायी गयी। चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि जब तक ए0एन0एम0 द्वारा मुख्यालय पर निवास बनाकर प्रसव का कार्य नही किया जाता है तब तक उनका माह अक्टुबर, 2025 का 07 दिवस का वेतन अग्रिम आदेशो तक बाधित रहेगा।

मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला, प्रा0स्वा0केन्द्र, ममहर - आज दिनांक 26.10.2025 को अपरान्ह् 2.50 बजे प्रा0स्वा0केन्द्र ममहर का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान



स्वास्थ्य केन्द्र सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित मिले। स्टॉक बुक कर निरीक्षण किया गया स्वास्थ्य केन्द्र पर 145 दवायें उपलब्ध है। फार्मासिस्ट द्वार एक्सपायरी दवाओं का रजिस्टर बनाया गया था। कन्डोम बाक्स में कन्डोम नही पाया गया जिसे तत्काल कन्डोम बाक्स में कन्डोम रखने के लिये निर्देशित किया गया। स्वास्थ्य केन्द्र की सफाई सन्तोषजनक नही थी। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि स्वास्थ्य केन्द्र की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करे।

मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला, प्रा0स्वा0केन्द्र गिर्दबडगांव - आज दिनांक 26.10.2025 को अपरान्ह् 3.10 बजे प्रा0स्वा0केन्द्र गिर्दबडगांव का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केन्द्र सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित पाये गये। मा0 मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का रोस्टर नही बना था जिसे तत्काल बनवाने के निर्देश दिया गया। स्टॉक बुक का अवलोकन किया गया जिसमें स्वास्थ्य केन्द्र पर कुल 83 दवाये उपलब्ध थी। डा0 अरूण कुमार सिंह आयुष चिकित्साधिकारी द्वारा कुल 86 मरीज देखा गया था और प्रा0स्वा0केन्द्र पर 189 मरीजो का उपचार किया गया। अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि आशा, आशा संगिनी, आंगनवाडी एवं सी0पी0 स्टाफ नर्स से सभी संचालित पोर्टल को शत-प्रतिशत अपडेट ससमय करना सुनिश्चित करे।

## मिशन शक्ति : महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के उद्देश्य से पुलिस द्वारा चलाया जागरूकता अभियान

### मिशन शक्ति 5.0 के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को किया गया जागरूक

**मंत्र भारत संवाददाता**

भदोही। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित 'मिशन शक्ति फेज-5.0'के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता को सुनिश्चित करने हेतु पुलिस अधीक्षक भदोही अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवालजनपद भदोही के पर्यवेक्षण में पुलिस द्वारा व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत जिले के सभी थाना क्षेत्रों में गठित मिशन शक्ति टीमों व एंटी रोमियो स्क्वॉड द्वारा बाजारों, शिक्षण संस्थानों, चौराहों, धार्मिक स्थलों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर महिला अधिकारों, सुरक्षा संसाधनों व कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

इसी क्रम में जनपद के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांवों/कस्बों/स्कूलों/कॉलेजों/मंदिरों में भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिला/बालिकाओं को जागरूक करने के साथ ही चौपाल का आयोजन कर महिलाओं एवं



बालिकाओं को कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण के तहत महिला सुरक्षा व बचाव संबंधी जानकारी दी गई और शासन द्वारा जारी हेल्प लाइन नम्बर, जैसे- 1090, 112, 1076, 1098, 108की विस्तृत जानकारी देते हुए संकट के समय इनके प्रयोग हेतु बताया गया। साथ ही साइबर अपराधों के संबंध में अवगत कराते हुए इससे बचने और सतर्क रहने हेतु 1930हेल्प लाइन नंबर का उपयोग करने के संबंध में जानकारी दी गई। सरकार द्वारा महिलाओं से संबंधित संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित उन्हें जागरूक किया गया।

## कानपुर की हवा ज़हरीली, धूल-धुआं और गैसों से सांस लेना मुश्किल

**मंत्र भारत संवाददाता**

कानपुर। जनपद में हवा में घुला जहर धीरे-धीरे कम हो रहा है लेकिन अभी भी स्थितियां सही नहीं हैं। धूल धुआं के साथ हानिकारक गैसों की मात्रा भी सामान्य नहीं हो पाई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, शुक्रवार को एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 191 रही। मौसम में आए बदलाव और आतिशबाजी के कारण हवा की सेहत बिगड़ गई है। अक्टूबर के पहले नौ दिन बेहद स्वस्थ (डार्क ग्रीन व ग्रीन श्रेणी) में रही हवा 10 से 17 अक्टूबर तक यलो श्रेणी यानी सांस न लेने लायक स्थितियों में पहुंच गई।

इसके बाद से अब तक यह ऑरेंज श्रेणी में बनी हुई है। 201 से अधिक एक्यूआई आने पर हवा की सेहत खतरनाक मानी जाती है। 17 अक्टूबर के बाद शुक्रवार को पहली बार यह 200 के नीचे दर्ज की गई है। नगर के विभिन्न सेंटरों में नेहरू नगर सेंटर अभी भी सर्वाधिक प्रदूषित बना हुआ। धूल धुएं के कणों की सर्वाधिक संख्या रात में और सुबह दर्ज की गई।

शहर में प्रदूषण की यह स्थितियां तब हैं जब हवा की दिशा उत्तर पश्चिमी नहीं है। शुक्रवार को हल्के बादल और धुंध बनी रही। इसका असर यह पड़ा कि रात का तापमान 18.4 और अधिकतम पारा 33.6 डिग्री सेल्सियस बना रहा। अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में बन रहीं चक्रवाती स्थितियों के कारण अगले 72 घंटों में मौसम में बदलाव दिखेगा। इससे प्रदूषण से भी राहत मिलेगी। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में बने कम दबाव के क्षेत्र का असर उत्तर प्रदेश में भी पड़ेगा। यहां हल्के से मध्यम बादलों की आवाजाही होगी। 27 को बूंदाबांदी और 28 अक्टूबर को बारिश की संभावना है।

# साइबर अपराध और महिला अपराध से निपटने के लिए गांव की महिलाएं और बालिकाएं हुई जागरूक

**मंत्र भारत संवाददाता**

सिद्धार्थनगर। जनपद क जोगिया उदयपुर कोतवाली पुलिस द्वारा मिशन शक्ति टीम 'साइबर अपराध सुरक्षा जागरुकता अभियान' के क्रम में ग्राम चौरासी में मिशन शक्ति व बहू/बेटी सम्मेलन व साइबर जागरूकता अभियान के सम्बन्ध में महिलाओं को महिलाओं के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया गया ।साइबर अपराध सुरक्षा जागरुकता अभियान के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में महिला पुलिस स्वेता यादव द्वारा जानकारी दी गई।

पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक महाजन के आदेश के क्रम मे महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी बांसी सुजीत राय तथा थाना प्रभारी प्रशिक्षु पुलिस क्षेत्राधिकारी रोहिनी यादव व थानाध्यक्ष मीरा चौहान के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम तहत ग्राम चौरासी में मिशन शक्ति व बहू/बेटी सम्मेलन व साइबर जागरूकता अभियान के सम्बन्ध में बालिकाओं/महिलाओं को मिशन



शक्ति के तहत सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे मे जैसे कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, नारी शक्ति वंदन अधिनियम, मातृ शक्ति को सम्बल, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि अन्य योजनाओ से संबंधी जानकारी को बताया गया। व जागरूक किया गया मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत के बारे में उप निरीक्षक कपिल मुनि यादव, उप निरीक्षक आनंद शाही के साथ आरक्षी प्रदीप उपाध्याय ने जानकारी दी गई व जागरूक किया गया।

## मेडिकल स्टोर संचालक भाइयों को पीटा, अंगूठा-अंगुली काटी, चापड़ के हमले में निकलीं आंतें

**मंत्र भारत संवाददाता**

कानपुर। विनायकपुर क्षेत्र में दवा की कीमत को लेकर विवाद हो गया। दबंगों ने मेडिकल स्टोर संचालक भाइयों ने साथियों के साथ युवक को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा, उस पर चापड़ से कई वार किए। हाथ का अंगूठा और अंगुली काट दी। सिर, चेहरे और गर्दन पर वार कर लहूलुहान कर दिया। इस कदर पीटा कि पीड़ित की आंतें तक बाहर आ गईं। सर्वोदय नगर स्थित अस्पताल के आईसीयू में युवक को भर्ती कराया गया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मेडिकल स्टोर संचालक, दोनों भाइयों और एक अन्य को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

जूही निवासी चंदन सिंह के मुताबिक उनका केशवपुरम में रहने वाला भांजा अभिजीत सिंह बीमार मां की दवा लेने शनिवार रात विनायकपुर स्थित मेडिकल स्टोर गया था। मेडिकल स्टोर संचालक अमर सिंह और विजय सिंह से उसका एमआरपी से ज्यादा रेट में दवा देने को लेकर विवाद हो गया। अमर व विजय सिंह ने अपने साथियों निखिल तिवारी और प्रिंस राज श्रीवास्तव के साथ मिलकर अभिजीत पर चापड़ से हमला कर दिया। उसे घेरकर सिर ,चेहरे और पेट पर ताबड़तोड़ वार किए। लहूलुहान हालत में दोस्त अभिजीत को लेकर गुरुदेव चौकी लेकर पहुंचा। जहां दरोगा ने पहले इलाज की नसीहत देकर हैलट रवाना कर दिया।

इस दौरान रावतपुर पुलिस ने भी हद पार कर दी। विजय सिंह और अमर की तहरीर पर अस्पताल में जिंदगी की जंग लड़ रहे अभिजीत के खिलाफ ही लूट और रंगदारी की रिपोर्ट दर्ज कर दी। मेडिकल स्टोर संचालक ने आरोप लगाया कि अभिजीत ठाकुर ने अपने भाई सौरभ व साथी रजत मिश्रा के साथ मेडिकल स्टोर में जबरदस्ती घुसकर अमर पर जान से मारने की धमकी देते हुए पिस्टल लगाकर दो लाख की रंगदारी मांगी। पीड़ित के सिर पर पिस्टल से हमला कर दिया।

### लौह पुरुष, भारत रत्न, सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर आयोजित होंगे विविध कार्यक्रम

# जनपदवासी माय भारत पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कर विभिन्न प्रतियोगिताओं में करें प्रतिभाग -जिलाधिकारी

**मंत्र भारत संवाददाता**

भदोही। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने बताया कि इस वर्ष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती का महत्वपूर्ण अवसर है, जिन्हें भारत के लौह पुरुष के रूप में याद किया जाता है। एक दूरदर्शी राजनेता और राष्ट्रीय एकता के निर्माता, सरदार पटेल ने स्वतंत्रता के बाद 560 से अधिक रियासतों को एक राष्ट्र में एकीकृत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी चिरस्थायी विरासत का सम्मान करने और एकता, देशभक्ति और सेवा के उनके आदर्शों को सुदृढ़ करने के लिए, भारत सरकार के युवा मामले और खेल मंत्रालय देश भर में सरदार॑ 150 समारोह आयोजित कर रहा है, जो न केवल अतीत को याद करने के लिए, बल्कि वर्तमान और भविष्य को प्रेरित करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। सरदार पटेल के राष्ट्र के प्रति योगदान के बारे में नागरिकों, विशेषकर युवाओं में जागरूकता बढ़ाने के लिए पदयात्रा और कार्यक्रमों



की एक श्रृंखला आयोजित की जा रही है। विशेष रूप से, एकता मार्च, एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन, राष्ट्रीय एकता के प्रति सामूहिक संकल्प का प्रतीक है और एक मजबूत और एकजुट भारत के सरदार पटेल के दृष्टिकोण को श्रद्धांजलि देता है।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ल ने जानकारी देते बताया कि माय भारत राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं का आयोजन कर रहा है, जो युवाओं को देशभक्ति की भावनाएँ व्यक्त करने और एकता का संदेश देने के लिए एक रचनात्मक मंच प्रदान करती हैं। ये पहल प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विकसित और आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को प्रतिध्वनित करती हैं, और इस उत्सव को राष्ट्र निर्माण की भावना से ओतप्रोत एक गतिशील और सहभागी आंदोलन में बदल रही हैं।

माय भारत पोर्टलः सरदारा 150 गतिविधियों का केंद्रीय केंद्र । सरदारॅ150 समारोह मेंल व्यापक पहुँच और सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए, माय भारत पोर्टल पर एक समर्पित पृष्ठ बनाया गया हैल जिसके मुखपृष्ठ पर सरदारॅल 150 बैनर प्रमुखता से प्रदर्शित है, जो इस पृष्ठ का प्रवेश द्वार है।यह पृष्ठ समारोह के दौरान आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं के लिए एक केंद्र के रूप में कार्य करेगा, जो विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने के लिए एक आकर्षक और उपयोगकर्ता-अनुकूल इंटरफ़ेस प्रदान करेगा, जिसमें वर्षगांठ से संबंधित सभी सामग्री और गतिविधियों का डिजिटल ट्रैक भी होगा। इस पृष्ठ पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम होंगे, जहाँ से उपयोगकर्ता प्रत्येक विशिष्ट गतिविधि पृष्ठ, जैसे रील प्रतियोगिता, यूनिटी मार्च, पॉडकास्ट और अन्य कार्यक्रमों, पर जा सकेगा।

प्रत्येक कार्यक्रम पृष्ठ में उद्देश्य, दिशानिर्देश, भागीदारी प्रक्रिया, समय-सीमा आदि जैसे विस्तृत विवरण शामिल होंगे, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि प्रतिभागियों द्वारा भाग ली गई भौतिक गतिविधियों और उनके द्वारा संजोए गए पलों की एक सहज डिजिटल यात्रा बनी रहे।

### कस्बा भदोही क्षेत्र अंतर्गत संचालित अवैध बुचड़खानों पर पुलिस व प्रशासन की संयुक्त छापेमारी के दौरान मिली महत्वपूर्ण सफलता

## अवैध बूचड़खाना संचालक के विरुद्ध सम्बन्धित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर, की जा रही सख्त वैधानिक कार्यवाही

**मंत्र भारत संवाददाता**

भदोही। जनपद के थाना भदोही, कस्बा भदोही क्षेत्र अंतर्गत अवैध बुचड़खानों के संचालित होने के संबंध में प्राप्त सूचना पर श्री शैलेश कुमार, जिलाधिकारी भदोही व श्री अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही के संयुक्त निर्देशन में पुलिस व प्रशासन की संयुक्त टीमों का गठन कर सख्त वैधानिक कार्यवाही हेतु निर्देश दिए गए।

उक्त निर्देश के क्रम में आज दिनांक 26.10.2025 को अपरान्ह गठित पुलिस व प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा जनपद में संचालित अवैध बुचड़खानों पर छापेमारी के दौरान थाना भदोही, कस्बा भदोही क्षेत्र अंतर्गत संचालित 01 अवैध बूचड़खाना से क्रूरतापूर्वक वध हेतु जानवरों का पैर बांधकर रखे हुए कुल-36 राशि पड़वा, प्रतिबंधित जानवर भैंस का मांस कुल-04 कुंतल 65 किग्रा0 तथा मांस बिक्री में प्रयुक्त 01 अदद इलेक्ट्रॉनिक तराजू व 08 अदद अवैध चाकू सहित 04 अदद दोपहिया मोटरसाइकिल बरामद किया गया है। उक्त छापेमारी के दौरान 05 आरोपी भी गिरफ्तार हैं। बरामदशुदा अवैध मांस व जानवरों को कब्जे में लेकर अवैध बूचड़खाना संचालक के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए अग्रतेर विधिक कार्यवाही की जा रही है। बरामदशुदा प्रतिबंधित मांस को नियमानुसार निस्तारित कराया गया एवं जानवरों को आश्रय स्थलों पर रखवा कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।



# प्रेग्नेंट होने के लिए पत्नी का कराया झाड़-फूंक, ओझा ने कर दिया कांड, फिर पति ने दी खौफनाक सजा

लखनऊ (एजेंसी)। इंसान कभी-कभी किसी चीज की चाहत में अंधविश्वास की चपेट में आ जाता है। बाबाओं पर विश्वास पर अक्सर लोग झांड़ फूंक कराते हैं और बाद में पता चलता है कि यह सब फेक है। अब ऐसा एक और मामला यूपी के जौनपुर जिले से सामने आया है। दरअसल, यहां पर संतान की चाहत पूरी न होने पर झाड़फूंक करने वाले सोखा (ओझा) की हत्या कर दी गई। झाड़ियों में मिले अज्ञात शव की शिनाख्त करने के बाद पुलिस ने इस हत्याकांड का खुलासा किया है।

आपको बता दें कि यह पूरा मामला जिले के सुजानगंज थाना क्षेत्र के बाबूगंज बाजार का है। मिली जानकारी के अनुसार, हत्यारोपी त्रिवेणी पाठक, राजाराम और सत्तन वाराणसी में माला फूल बेचने का काम करते हैं। सुल्तानपुर जिले के चांदा क्षेत्र निवासी सत्तन की पत्नी को करीब दस साल से बच्चा नहीं हो रहा था। वाराणसी से सोखा बसंतू पाल के बारे में जानकारी होने के बाद तीनों एक दूसरे की मदद से ओझा के संपर्क में आए।

दंपत्ति का आंगन सूना था वह भी चाहते थे कि उनके घर में किलकारी गूंजे इसलिए सोखा बसंतू पाल के पास जाने के बाद सत्तन ने हर उपाय किया. इसके लिए झाड़फूंक करने वाले सोखा के कहने के अनुसार उसे काफी पैसे भी दिए थे. लेकिन इन सबके बावजूद जब सत्तन की पत्नी को संतान नहीं हुई तो बात बिगड़ गई। फिर उसने अपने पैसे वापस लेने की बात कही।

चूंकि सत्तन, त्रिवेणी और राजाराम की मदद से सोखा बसंतू के संपर्क में आया था. इसलिए सत्तन उन दोनों पर भी पैसे वापस दिलाने का दबाव बनाने लगा. जिसके बाद त्रिवेणी पाठक और राजाराम ने योजना बनाकर सोखा की हत्या कर दी। पुलिस को गुमराह करने के लिए शव झाड़ियों में फेंक दिया गया था।

वहीं, शव बरामद होने के बाद से पुलिस जांच में जुट गई और दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। जबकि, तीसरा आरोपी सत्तन फरार है उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगी हैं।



# काकोरी पेशाब कांड पर सियासी बवाल, सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने सरकार से मांगा जवाब

लखनऊ (एजेंसी)। राजधानी के काकोरी में हुए पेशाब कांड ने पूरे उत्तर प्रदेश की राजनीति में भूचाल ला दिया है। एक 65 वर्षीय दलित बुजुर्ग के साथ मंदिर में अमानवीय व्यवहार ने न सिर्फ समाज में आग लगा दी है, बल्कि राजनीतिक दलों को भी एक-दूसरे पर हमले का नया मौका दे दिया है,, , एक तरफ जहां सपा और कांग्रेस ने योगी सरकार को दलित विरोधी करार दिया, वहीं दूसरी ओर बीजेपी ने पीड़ित परिवार को सरकारी सहायता देकर अपना बचाव किया है।

बता दें कि पेशाब कांड को लेकर जहां बीजेपी डिफेंस मूड में वहीं विपक्ष इस मुद्दे को लेकर आक्रामक रूप अपनाए हुए है...अगर बात करें फैजाबाद लोकसभा से सपा सांसद अवधेश प्रसाद की तो,, , लखनऊ में धरना प्रदर्शन के बाद अयोध्या पहुंचे और बाकायदा प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर भाजपा भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए,, , वहीं दूसरी तरफ लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती समारोह की बैठक करने



अयोध्या पहुंचे प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने अवधेश प्रसाद के इस बयान को लेकर कहा कि वह अपनी सरकार में हुए उत्पीड़न को याद करें।

बता दें कि सांसद अवधेश प्रसाद ने सीएम योगी पर निशाना साधते हुए कहा कि जब से भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकार प्रदेश में और केंद्र में सत्तारूढ़ हुई है तब से दलितों पर पिछड़ों पर और कमजोरों पर अत्याचार बढ़ रहा है, और उत्तर प्रदेश में जहां के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हैं दलित उत्पीड़न में रिकॉर्ड कायम किया है। वहीं उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और आरएसएस का एक बहुत ही नामी कार्यकर्ता है जिसने 70 साल के बुजुर्ग को बेइज्जत किया, शब्द का इस्तेमाल किया और गर्दन पर लात रखकर पेशाब चाटने के लिए मजबूर किया।

वहीं दूसरी तरफ सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती समारोह के संदर्भ में बैठक करने अयोध्या पहुंचे प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने अवधेश प्रसाद के इस बयान को लेकर कहा कि अत्याचार तो उन्हीं लोगों ने किया था यह तो आपको याद होगा, राय पट्टी वाला मामला तो आप लोग को याद ही होगा और उससे बड़ा अत्याचार क्या हो सकता है।

खैर, काकोरी पेशाब कांड ने न केवल समाज में आक्रोश पैदा किया है, बल्कि राजनीतिक मोर्चे पर भी हलचल मचा दी है,, , अब सवाल यह है कि सरकार और प्रशासन इस मामले में कब और कैसे कार्रवाई करेंगे, ताकि पीड़ितों को न्याय मिले और ऐसी घटनाओं को दोबारा होने से रोका जा सके।


# लिफ्ट के बहाने कार सवार युवकों ने छात्रा से किया गैंगरेप, 4 दिन तक रखा बंधक

लखनऊ (एजेंसी)। प्रदेश की राजधानी लखनऊ से एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। विकासनगर थाना क्षेत्र में 18 वर्षीय इंटरमीडिएट छात्रा के साथ कार सवार युवकों ने लिफ्ट के बहाने गैंगरेप किया। दरिंदों ने चाय में नशीला पदार्थ मिलाकर छात्रा को बेहोश कर दिया और फिर फ्लैट में ले जाकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया।

जानकारी के मुताबिक पीड़िता 15 अक्टूबर को घरवालों से नाराज होकर घर से निकली थी। दिनभर वह सहेली के साथ रही और देर रात ऑटो से लौट रही थी। इस दौरान खुर्रमनगर के पास ऑटो चालक रास्ता भटक गया, जिससे छात्रा ऑटो से उतर गई। तभी एक कार रुकी जिसमें दो युवक सवार थे। उन्होंने छात्रा को विकासनगर तक लिफ्ट देने का ऑफर दिया। पहले तो छात्रा ने मना किया, लेकिन युवकों ने भरोसा दिलाया और उसे कार में बैठा लिया। रास्ते में युवकों ने चाय में नशीला पदार्थ मिलाकर पिलाया, जिससे छात्रा बेहोश हो गई।

बेहोशी की हालत में युवकों ने छात्रा को एक फ्लैट में ले जाकर गैंगरेप किया। कुछ देर बाद एक तीसरा युवक भी वहां पहुंचा और उसने भी छात्रा से दुष्कर्म किया। इसके बाद छात्रा को चार दिनों तक बंधक बनाकर रखा गया। किसी तरह मौका पाकर वह वहां से भागी और घर पहुंची।शुरुआत में डर की वजह से उसने किसी को कुछ नहीं बताया, लेकिन जब आरोपी जुनैद ने फोन और मैसेज से धमकियां दीं, तो छात्रा ने परिजनों को पूरी बात बताई।

पीड़िता की शिकायत पर मड़ियांव थाना पुलिस ने केस दर्ज किया। इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्र ने बताया कि पुलिस ने दो नामजद आरोपी अंशुमान और जुनैद को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि तीसरा आरोपी शिवांश फरार है। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जारी है और उन्हें जेल भेजा गया है।



# प्रेमानंद महाराज की पदयात्रा में झूमे भक्त, दर्शन के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं का सैलाब

लखनऊ (एजेंसी)। प्रेमानंद महाराज के भक्तों के लिए खुशखबरी है। दरअसल, महाराज जी कई दिनों के अंतराल के बाद अब फिर से अपनी पदयात्रा शुरू दिए हैं। उनका दर्शन करने के लिए हर रोज हजारों की संख्या में श्रद्धालु मथुरा के वृंदावन में आते हैं।

पिछले दिनों महाराज जी स्वास्थ्य कारणों की वजह से पदयात्रा नहीं कर रहे थे, लेकिन अब यह पदयात्रा अब श्री कृष्णम सोसाइटी से शुरू होकर श्री हित राधा केली कुंज तक बढ़ी हुई दूरी के साथ आयोजित की गई, जिससे भक्तों को अपने प्रिय संत के सान्निध्य में अधिक समय तक रहने का अवसर मिला। पदयात्रा की दूरी बढ़ाए जाने से भक्तों की खुशी दोगुनी हो गई।

कुछ महीने पहले प्रेमानंद महाराज ने अपने सोशल मीडिया के माध्यम से पदयात्रा बंद करने की सूचना दी थी, जिससे भक्तों में मायूसी छा गई थी। हालांकि दीपावली के बाद आज जब उन्होंने अपनी पारंपरिक डेढ़ से दो किलोमीटर लंबी पदयात्रा शुरू की, तो श्रद्धालुओं के चेहरों पर मुस्कान लौट आई।



## 69000 शिक्षक अभ्यर्थियों ने बसपा सुप्रीमो से मांगी मदद

# कहा- हमारे भरोसे की आखिरी उम्मीद आप, सीएम योगी से करें बात

लखनऊ (एजेंसी)। प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 69, 000 शिक्षक भर्ती अभ्यर्थियों ने बसपा सुप्रीमो मायावती के कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। अभ्यर्थियों ने अपनी नियुक्तियों की मांग को लेकर जोरदार नारेबाजी की और मायावती से प्रदेश सरकार से बात कर समाधान निकालने की अपील की।

प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों ने कहा कि मायावती हमेशा से बहुजन समाज की आवाज रही हैं और उन्होंने दलितों, पिछड़ों और गरीब वर्ग के लिए हर स्तर पर संघर्ष किया है। ऐसे में उन्हें उम्मीद है कि जिस तरह मायावती सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों की चर्चा कर रही हैं, वैसे ही वह उनके मुद्दे को भी उठाएंगी। एक अभ्यर्थी ने कहा, 'हम मायावती जी के पास इसलिए आए हैं क्योंकि वह हमारी बिरादरी से हैं और हमेशा बहुजन समाज के हित के लिए खड़ी रहती हैं। अगर वह प्रदेश सरकार से बात करेंगी तो कोई न कोई रास्ता जरूर निकलेगा।

अभ्यर्थियों का कहना है कि 69, 000 शिक्षक भर्ती परीक्षा के परिणाम आने के बावजूद अब तक सभी अभ्यर्थियों की नियुक्ति पूरी नहीं हो पाई है, जिससे हजारों युवा बेरोजगारी की मार झेल रहे हैं। प्रदर्शनकारी मांग कर रहे हैं कि शेष अभ्यर्थियों को जल्द नियुक्ति पत्र दिए जाएं ताकि वे भी शिक्षण कार्य में योगदान दे सकें।

प्रदर्शन के दौरान अभ्यर्थियों ने कहा कि उनका आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से किया जा रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखी। हालांकि, अभ्यर्थियों ने चेतावनी दी कि अगर जल्द उनकी बात नहीं सुनी गई, तो वे राजधानी में बड़े स्तर पर प्रदर्शन करेंगे।



# अगर राजद की सरकार बनी तो जगंल राज भी आएगा

## चुनावी रैली में गरजे प्रशांत किशोर

पटना। जनसुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव के चुनाव प्रचार के दौरान किए गए वादों पर तंज कसते हुए रविवार को कहा कि बिहार में लंबे समय से राजद की सरकार नहीं बनी है और अब बूढ़ा शेर कंगन लेकर बैठा है कि उसे देख कर लालच में शिकार सामने आए और वह उसे खा जाये।

किशोर ने आज सीतामढ़ी जिले में संवाददाताओं से बात करते हुए कहा कि तेजस्वी यादव कभी महिलाओं को ढाई हजार देने की बात करते हैं तो कभी सभी बिहारी परिवारों को सरकारी नौकरी देने का वादा करते हैं। उन्होंने कहा कि अब वह रोजगार के लिए पांच लाख की सहयोग राशि देने की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव जीतने कि लिए वो कोई भी वादा कर लेंगे, लेकिन चुनाव के बाद ऐसे वादे पूरे नहीं होते हैं। उन्होंने कहा कि बिहार यदि राजद की सरकार बनी तो फिर से वही जंगल राज वापस आ जाएगा। उन्होंने कहा कि बिहार को गर्त में ले जाने वाली पार्टी राजद के नेता तेजस्वी यादव बिहार की नायक नहीं हो सकते हैं।



जनसुराज के सूत्रधार ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को भी निशाने पर लिया और कहा कि नरेंद्र मोदी और अमित शाह बिहार चुनाव में नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार इसलिए घोषित नहीं कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें मालूम है कि जैसे ही उन्होंने नीतीश कुमार के नाम की घोषणा की चुनाव में हार सुनिश्चित हो जाएगी। जनसुराज के सूत्रधार ने कहा कि बदहाल हो गए बिहार में प्रदेश से बाहर नौकरी के लिए गए बच्चों के घर वापस लौटने से छठ पूजा के समय रौनक दिख रही है और यही बच्चे प्रदेश में होने वाले मतदान का रुख बदल कर उनकी पार्टी को जीत दिलायंगे।

# झारखंड में 5 बच्चों को एचआईवी संक्रमित खून चढ़ा

## सीएम ने सिविल सर्जन को किया सस्पेंड

रांची। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पश्चिमी सिंहभूम जिले के सिविल सर्जन और कुछ दूसरे अधिकारियों को तुरंत सस्पेंड करने का निर्देश दिया है। यह कार्रवाई थैलेसीमिया से पीड़ित पांच बच्चों को खून चढ़ाने के बाद उनके एचआईवी पॉजिटिव पाए जाने के गंभीर मामले के बाद की गई है।

पहले चाईबासा के लोकल ब्लड बैंक पर एक सात साल के थैलेसीमिया मरीज के परिवार ने एचआईवी संक्रमित खून चढ़ाने का आरोप लगाया था। इसके अगले दिन, रांची से आई एक जांच टीम ने चार और बच्चों को एचआईवी पॉजिटिव पाया, जिससे संक्रमित बच्चों की कुल संख्या पांच हो गई। सात साल के बच्चे को ब्लड बैंक से अब तक करीब 25 यूनिट खून चढ़ाया जा चुका था।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया पर इस घटना पर कड़ा रुख दिखाते हुए कहा, 'चाईबासा में थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों को एचआईवी संक्रमित खून चढ़ाए जाने की खबर मिलने के बाद, पश्चिमी सिंहभूम के सिविल सर्जन और संबंधित अधिकारियों को सस्पेंड करने का आदेश दिया गया है। राज्य सरकार पीड़ित बच्चों के परिवारों को ?2-2 लाख की आर्थिक मदद देगी और संक्रमित बच्चों के इलाज का पूरा खर्च उठाएगी।'



सात साल के बच्चे के परिवार के आरोपों के बाद, राज्य सरकार ने तुरंत डायरेक्टर डॉ. दिनेश कुमार की अगुआई में पांच डॉक्टरों की एक टीम बनाई। टीम ने सदर अस्पताल के ब्लड बैंक और बच्चों के पीआईयू वार्ड का जायजा लिया।

डॉ. दिनेश कुमार ने कहा कि शुरुआती जांच से पता चला है कि थैलेसीमिया के एक मरीज को खराब खून चढ़ाया गया था। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान ब्लड बैंक में कुछ कमियां मिली हैं, जिन्हें ठीक करने के लिए अधिकारियों को कहा गया है।

हालांकि, जिले के सिविल सर्जन डॉ. सुशांतो माझी ने पहले कहा था कि एचआईवी संक्रमण इस्तेमाल की गई सिरिंज के संपर्क में आने जैसे दूसरे कारणों से भी हो सकता है।

# हिंदू महिलाओं का क्रिश्चियन धर्म के पादरियों पर जबरन धर्म परिवर्तन कराने का आरोप

## बोली-पैसों का दिया गया लालच, भारी बवाल

भोपाल। मैहर से धर्म परिवर्तन के आरोप पर खूब हंगामा हुआ। इसको लेकर महिलाओं ने खूब बवाल किया। देवधरा तालाब के पास स्थित विवेक नगर इलाके में कुछ हिंदू महिलाओं ने क्रिश्चियन धर्म के पादरियों और उनके सहयोगियों पर जबरन धर्म परिवर्तन कराने का गंभीर आरोप लगाया है। महिलाएं सामूहिक रूप से मैहर कोतवाली पहुंचीं और पुलिस को एक लिखित शिकायत सौंपी है।

जानकारी के मुताबिक हिंदू महिलाओं का आरोप है कि पिछले कुछ दिनों से कुछ लोग मदद और पैसों का लालच देकर पर धर्म परिवर्तन का दबाव बना रहे थे। महिलाओं का कहना है कि उन्हें कई बार ईसाई धर्म अपनाने के लिए प्रलोभन दिया गया और धमकाया भी गया। लेकिन उन्होंने बात मानने से इंकार कर दिया। इसके बाद वो थाने पहुंच गई।

बताया जा रहा है कि जब ये महिलाएं शिकायत लेकर पुलिस थाने जाने लगीं, तभी रास्ते में कुछ क्रिश्चियन महिलाओं ने उन्हें रोकने का प्रयास किया। इसके साथ ही शिकायत न करने से भी रोकने की कोशिश की गई। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच झूमा-झटकी की स्थिति भी बन गई।

धर्मांतरण की सूचना फैलते ही हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता भी थाने पहुंच गए और पुलिस प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की। मामले को गंभीरता से लेते हुए कोतवाली पुलिस ने शिकायत दर्ज कर ली है और विवेचना शुरू कर दी गई है।



## अयोध्या फैसले को चुनौती देने वाली याचिका खारिज, कोर्ट ने याची महमूद प्राचा को फटकारा, लगाया 6 लाख का जुर्माना

नई दिल्ली (एजेंसी)। पटियाला हाउस स्थित जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने अधिवक्ता महमूद प्राचा की उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के अयोध्या भूमि विवाद पर वर्ष 2019 के फैसले को धोखाधड़ी से प्रभावित बताते हुए निरस्त करने की मांग की थी।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश धर्मेंद्र राणा ने शनिवार को निर्णय सुनाते हुए कहा कि याचिका कानूनी और तथ्यात्मक गलतफहमी पर आधारित है। अदालत ने स्पष्ट किया कि तत्कालीन मुख्य न्यायमूर्ति ने अपने एक भाषण में भगवान से मार्गदर्शन मांगा था न कि अदालत में वादी बने भगवान श्रीराम से।

कोर्ट ने कहा कि प्राचा ने धर्म और कानून की अवधारणाओं को मिलाकर देखा, जबकि दोनों का स्वरूप अलग है। उन्होंने न तो किसी वास्तविक धोखाधड़ी का सुबूत प्रस्तुत किया और न ही अयोध्या मामले के आवश्यक पक्षकारों को अपनी याचिका में शामिल किया। अदालत ने यह भी कहा कि किसी सुप्रीम कोर्ट के फैसले को सिविल कोर्ट में चुनौती नहीं दी जा सकती।

कोर्ट ने टिप्पणी की कि यह मुकदमा न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग है और ऐसे मामलों से अदालतों के बहुमूल्य समय की बर्बादी होती है। कोर्ट ने कहा कि एक वरिष्ठ अधिवक्ता से ऐसी निराधार याचिका की उम्मीद नहीं की जा सकती। कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट द्वारा लगाई गई एक लाख के जुर्माने को भी बरकरार रखा गया है। साथ ही, पांच लाख रुपए और जुर्माना लगाया।

# चारा मशीन में घास के साथ 3 हिस्सों में कटा सांप मरते-मरते भी युवती को डस गया, दर्दनाक मौत

भोपाल। मुरैना से एक ऐसी बेहद अजीब घटना सामने आई है जिस पर यकीन करना मुश्किल हो रहा है। तीन हिस्सों में कटे सांप ने मरते-मरते भी एक युवती को डस लिया और लड़की की मौत हो गई। इस हैरतअंगेज घटना से हर कोई हैरान है। दिल दहला देने वाली ये घटना नाऊडांडा गांव से सामने आई है। 18 वर्षीय युवती भारती कुशवाह की तीन हिस्सों में कटे सांप ने दो बार डस लिया जिससे भारती की दर्दनाक मौत हो गई। घटना शुक्रवार शाम की है जब युवती पशुओं के लिए चारा ला रही थी।

जानकारी के मुताबिक लड़की घर पर घास काटने वाली इलेक्ट्रिक मशीन से चारा काट रही थी। इसी दौरान चारे में फंसा एक सांप तीन टुकड़ों में कट गया, युवती ने चारे में हाथ डाला लेकिन सांप के कटे हुए भाग ने भी लड़की को दो बार डंस लिया। भारती बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ी। इस घटना से परिजन अवाक रह गए, तत्काल लड़की को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया लेकिन अस्पताल में डॉक्टरों ने युवती को मृत घोषित कर दिया। वहीं युवकी की मौत के बाद गांव में मातम छा गया।

गांववाले इस घटना से बेहद हैरान है, क्योंकि आज से पहले उन्होंने ऐसा कभी नहीं देखा। गांववालों का कहना है कि तीन टुकड़ों में कटने के बाद भी सांप ने लड़की को काट लिया ये बड़ा विचित्र है। लिहाजा इस बेहद अजीब घटना के बाद हर कोई हैरान है और युवती की इस तरह से हुई मौत पर बेहद दुखी हैं।



# महिला विश्व कप : इंग्लैंड की न्यूजीलैंड पर आसान जीत, सोफी डिवाइन की विदाई रही फीकी

विशाखापत्तनम **(एजेंसी)**। इंग्लैंड ने अपने स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन और एमी जोन्स की नाबाद अर्धशतकीय पारी की बदौलत रविवार को महिला विश्व कप के मुकाबले में न्यूजीलैंड को आठ विकेट से हराया। इस जीत के साथ इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन की विदाई को यादगार नहीं बनने दिया।

न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन ने अपने अंतिम वनडे में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया, लेकिन टीम 38.2 ओवर में मात्र 168 रन पर सिमट गई। युवा बल्लेबाज जॉर्जिया प्लिमर (43) और अमेलिया केर (35) ने दूसरे विकेट के लिए 68 रन जोड़े, लेकिन इसके बाद इंग्लैंड के स्पिनरों ने कसी हुई गेंदबाजी से मैच पलट दिया।

डिवाइन ने अपने वनडे करियर की आखिरी पारी में 35 गेंदों पर 23 रन बनाए और स्टंप आउट हो गई। पवेलियन लौटते समय इंग्लैंड और न्यूजीलैंड की खिलाड़ियों ने तालियां बजाकर उनका सम्मान किया।



लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड ने सिर्फ दो विकेट खोकर 172 रन बनाए और 124 गेंदें शेष रहते जीत दर्ज की। एमी जोन्स ने 92 गेंदों पर नाबाद 86 रन की शानदार पारी खेली, जिसमें 11 चौके और एक छक्का शामिल था। उन्होंने टैमी ब्यूमोंट (40) के साथ पहले विकेट के लिए 75 रन और हीथर नाइट (33) के साथ 83 रन की साझेदारी की।

इस जीत से इंग्लैंड के अब 11 अंक हो गए हैं और वह ऑस्ट्रेलिया के बाद अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया। टीम पहले ही सेमीफाइनल में जगह बना चुकी है, जहां उसका सामना 29 अक्टूबर को दक्षिण अफ्रीका से होगा। न्यूजीलैंड मात्र चार अंक के साथ छठे स्थान पर रहा और उसका अभियान यहीं समाप्त हो गया। डिवाइन का 15 साल लंबा वनडे करियर इसी मैच के साथ खत्म हुआ।

# आईपीएल 2026 से पहले केकेआर ने किया बड़ा बदलाव, पूर्व भारतीय क्रिकेटर को बनाया मुख्य कोच

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। आईपीएल 2026 से पहले कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने अभिषेक नायर को मुख्य कोच के रूप में नियुक्त किया है। नायर, जो पहले टीम में सहायक कोच और अकादमी हेड के रूप में काम कर चुके हैं, अब पूरी टीम की कोचिंग जिम्मेदारी संभालेंगे। यह बदलाव केकेआर के कोचिंग ढांचे में नए युग की शुरुआत माने जा रहा है।

नायर का केकेआर के साथ पुराना नाता रहा है। उन्होंने युवा खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करने और टीम की रणनीति में सुधार लाने में अहम योगदान दिया है। दिनेश कार्तिक, श्रेयस अय्यर और अन्य युवा भारतीय प्रतिभाओं के करियर में उनकी मार्गदर्शन की छाप साफ दिखाई देती है।

पूर्व मुंबई ऑलराउंडर अभिषेक नायर ने भारतीय घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया और 2009 में तीन वनडे खेले। रिटायरमेंट के बाद नायर ने



कोचिंग में कदम रखा और कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को संभाला। उनके विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण और शांत नेतृत्व शैली ने उन्हें आईपीएल में उच्च सम्मान दिलाया है।

अब मुख्य कोच बनने के बाद नायर के सामने चुनौती है कि केकेआर को आईपीएल 2026 में फिर से खिताब के दावेदार बनाएं। उनकी आधुनिक क्रिकेट की समझ, रणनीतिक कौशल और खिलाड़ी मनोविज्ञान की समझ टीम के प्रदर्शन में सुधार ला सकती है।

केकेआर का यह कदम टीम में निरंतरता और होमग्रोन लीडरशिप पर भरोसा दर्शाता है। नायर के अनुभव और कोचिंग दृष्टिकोण से केकेआर के खिलाड़ियों को नई दिशा मिलेगी और टीम में नई ऊर्जा का संचार होगा।

# हां मैंने आलोचना की थी, लेकिन हार्षित राणा का प्रदर्शन शानदार रहा : क्रिस श्रीकांत

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। भारत के तेज गेंदबाज हार्षित राणा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने आलोचकों को चुप करा दिया। 23 साल के राणा ने अपनी वनडे करियर की बेस्ट 4/39 गेंदबाज़ी के साथ भारत को 9 विकेट की जीत दिलाई और पूर्व चयनकर्ता व 1983 विश्व कप विजेता सदस्य क्रिस श्रीकांत भी फैन बन गए।

कुछ हफ्ते पहले श्रीकांत ने राणा को गौतम गंभीर का 'यस मैन' कहकर आलोचना की थी। हालांकि अब उन्होंने कहाः 'हार्षित राणा ने शानदार गेंदबाज़ी की। चार विकेट लेना एक बड़ी उपलब्धि है। मेरा पसंदीदा विकेट ओवेन का था। उसने बेहतरीन लाइन और लेंथ में गेंदबाज़ी की। पिछले मैच में उसे मार गिराया गया था, लेकिन इस मैच में उसने डैथ ओवर में भी बेहतरीन प्रदर्शन किया। आज हार्षित को सारी तारीफ मिलनी चाहिए।'

राणा ने एडेलेड में भी 18 गेंद में नाबाद 24 रन बनाकर अपनी बल्लेबाज़ी क्षमता दिखाई थी। कप्तान शुभमन गिल ने भी उनकी तारीफ की और कहा कि राणा 2027 वनडे वर्ल्ड कप में दक्षिण अफ्रीका की बाउंसी पिचों पर तीसरे तेज़ गेंदबाज़ और न्द.8 पर बल्लेबाज़ के रूप में टीम के लिए अहम साबित हो सकते हैं।



पूर्व कप्तान और वर्तमान कोच गौतम गंभीर ने भी राणा के बचपन के आलोचकों को लताड़ लगाई और कहा कि किसी 23 वर्षीय खिलाड़ी पर व्यक्तिगत हमला करना गलत है। 'उसका प्रदर्शन ही मापदंड होना चाहिए। किसी को सोशल मीडिया पर निशाना बनाना उसके मनोबल पर असर डालता है। राणा ने अपनी मेहनत और काबिलियत से टीम में जगह बनाई है और आगे भी बनाए रखेगा।'

गौर है कि तीसरे वनडे में भारत की ओर से रोहित शर्मा (121) और विराट कोहली (74) की बेहतरीन पारियों की बदौलत टीम ने 237 रन का लक्ष्य 69 गेंदें शेष रहते हासिल कर लिया।

## हैरी ब्रूक के शानदार शतक के बावजूद इंग्लैंड को हार, न्यूजीलैंड ने 4 विकेट से दी मात

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। माउंट माउंगानुई (न्यूजीलैंड): न्यूजीलैंड ने रविवार को खेले गए पहले वनडे मुकाबले में इंग्लैंड को 4 विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त हासिल की।

इंग्लैंड द्वारा दिए गए 224 रन के लक्ष्य को न्यूजीलैंड ने 13.2 ओवर शेष रहते हासिल कर लिया। शुरुआत में न्यूजीलैंड का टॉप ऑर्डर लड़खड़ा गया था, लेकिन माइकल ब्रेसवेल (51) और डैरिल मिचेल (नाबाद 78) की शानदार पारियों ने टीम को जीत दिलाई। इंग्लैंड की ओर से ब्राइडन कार्स ने शानदार गेंदबाजी करते हुए पहले ही ओवरों में विल यंग और केन विलियमसन को लगातार गेंदों पर आउट किया। ल्यूक वुड ने रचिन रविंद्र को पवेलियन भेजा, जिससे न्यूजीलैंड का स्कोर 24/3 हो गया। इसके बाद टॉम लैथम (28) और मिचेल ने 42 रनों की साझेदारी की, लेकिन कार्स ने लैथम को एलबीडब्ल्यू आउट कर इंग्लैंड को बढ़त दिलाई। हालांकि, इसके बाद ब्रेसवेल और मिचेल ने मिलकर 92 रनों की साझेदारी कर मैच को पूरी तरह न्यूजीलैंड के पक्ष में कर दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड की टीम 223 रन पर सिमट गई। हैरी ब्रूक ने शानदार 135 रनों की पारी खेली, जिसमें 11 छक्के शामिल थे। उनके अलावा जेमी ओवरटन (46) ने सहयोग किया। न्यूजीलैंड की ओर से जकारी फॉल्क्स ने 4 विकेट झटके।



# रोहित और कोहली होंगे 2027 डब्ल्यूसी में टीम इंडिया के बड़े हथियार : भारतीय पूर्व चयनकर्ता

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। पूर्व भारतीय मुख्य चयनकर्ता एमएसके प्रसाद ने दिग्गज बल्लेबाज़ रोहित शर्मा और विराट कोहली की टीम इंडिया के लिए 2027 वनडे वर्ल्ड कप में अहम भूमिका निभाने की पुष्टि की है। प्रसाद ने कहा कि यह अनुभवी जोड़ी टीम के लिए बड़े संपत्ति साबित होगी।

तीसरे वनडे में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ, रोहित और विराट ने शानदार बल्लेबाज़ी का प्रदर्शन किया और भारत को 9 विकेट से जीत दिलाकर सीरीज में वाइटवॉश से बचाया। रोहित ने 121 रन बनाकर अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी और वनडे में अपना 33वां शतक जड़ा। विराट कोहली ने पिछली दो पारियों में लगातार डक के बाद वापसी करते हुए 74 रन बनाए और कुमार संगकारा को पीछे छोड़ते हुए पुरुषों के वनडे में दूसरे सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए।

प्रसाद ने कहा, 'मैं बेहद खुश हूं। पिछले दो मैचों में उनके प्रदर्शन का इंतजार था। यह विश्व कप की तैयारी में बहुत अहम है। विराट और रोहित जैसे खिलाड़ी टीम के लिए बड़े संसाधन हैं।'

उन्होंने कहा कि दोनों बल्लेबाज़ों के पिछले रिकॉर्ड और फिटनेस को देखते हुए उन्हें केवल वर्तमान फॉर्म से आंका नहीं जा सकता। प्रसाद ने यह भी सराहा कि रोहित, विराट और रवींद्र जडेजा ने सही समय पर अगली पीढ़ी को जिम्मेदारी संभालने का मौका दिया।

'टीम में इतनी प्रतिभा है कि श्रेस्अयर इयेर जैसी खिलाड़ी भी टी -20 टीम में जगह नहीं पा रहे हैं। यह दर्शाता है कि टीम के पास बहुत गहराई है और युवा खिलाड़ी अब मजबूती से अपनी पहचान बना रहे हैं।' प्रसाद ने टी -20 फॉर्मेट में टीम की मजबूती और प्रतिभा के पूल की भी तारीफ की, यह बताते हुए कि भारत के पास आने वाले समय के लिए मजबूत टीम है।



## शानदार स्कीम! पोस्ट ऑफिस की ये धांसू स्कीम देगी आपको जबरदस्त रिटर्न, इतने का निवेश करके हर महीने पाएं हज़ारों

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। हर व्यक्ति अपनी बचत को ऐसी जगह निवेश करना चाहता है जहाँ पैसा सुरक्षित रहे और साथ ही जबरदस्त रिटर्न भी मिले। इस मामले में पोस्ट ऑफिस द्वारा संचालित सेविंग स्कीम्स खासी लोकप्रिय हैं। इनमें से एक विशेष योजना है पोस्ट ऑफिस सीनियर सिटीजन सेविंग स्कीम जो खासकर बुजुर्गों के लिए डिज़ाइन की गई है। यह स्कीम न केवल सुरक्षा की गारंटी देती है बल्कि इसमें हर महीने नियमित इनकम की सुविधा मिलती है। इस योजना में एकमुश्त ?30 लाख का निवेश करके आप अकेले ब्याज से ही हर महीने ?20,500 कमा सकते हैं जिससे रिटायरमेंट के बाद की आर्थिक चिंता खत्म हो जाती है। सीनियर सिटीजन सेविंग स्कीम अपनी इसी खासियत के लिए डाकघर की तमाम बचत योजनाओं में सबसे पॉपुलर है। यह योजना रिटायरमेंट के बाद आर्थिक परेशानियों से बचने के लिए एकमुश्त निवेश कर हर महीने 20,000 रुपये से अधिक की कमाई पक्की करती है। सरकार की ओर से इस योजना में जमा पर 8.2इ की सालाना ब्याज दर दी जाती है। यह दर कई बैंकों के फिक्स्ड डिपॉजिट की तुलना में काफी अधिक है।इस स्कीम में किए गए निवेश पर आयकर अधिनियम की धारा 80ण के तहत ?1.5 लाख तक की टैक्स छूट भी मिलती है।




# मोहम्मद कैफ ने किया रोहित-कोहली का समर्थन

## कहा- लोग उनकी हार का इंतजार कर रहे हैं

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने भारतीय बल्लेबाजी के दिग्गजों रोहित शर्मा और विराट कोहली के लिए समर्थन जताते हुए कहा कि कुछ चयनकर्ता और मीडिया उनके फेल होने का इंतजार कर रहे हैं, ताकि उन्हें 2027 वनडे वर्ल्ड कप से पहले टीम से बाहर किया जा सके।

कैफ ने कहा कि रोहित और विराट अनुभव और शानदार तकनीक के कारण दक्षिण अफ्रीका की तेज़ पिचों पर टीम के लिए बेहद जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि टी20 और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद, वनडे ही एकमात्र ऐसा फॉर्मेट है जहां दर्शक उनके मास्टरक्लास का आनंद ले सकते हैं।

ऑस्ट्रेलिया में खेले गए तीन वनडे में, रोहित और विराट ने आलोचकों को चुप कराते हुए अपनी क्लासिक बल्लेबाज़ी दिखाई। कप्तान शुभमन गिल का 26 रन का प्रदर्शन कमज़ोर रहा, लेकिन रोहित और विराट ने मिलकर 237 रनों का लक्ष्य आसानी से हासिल कर भारत को 9 विकेट की शानदार जीत दिलाई।

कैफ ने कहा, 'उनके मन में हमेशा यह ख्याल रहेगा कि लोग बस उनकी हार का इंतजार कर रहे हैं। लेकिन विराट और रोहित दोनों में जबरदस्त जिद और फोकस है। वे इस फॉर्मेट में अपने तरीके से खेलना चाहते हैं, ताकि कोई उन्हें टीम से बाहर न कर सके।'

168 रनों की इस साझेदारी में अनुभव, साहस और समझदारी का बेहतरीन मिश्रण देखा गया। कैफ का मानना है कि रोहित और विराट 2027 वर्ल्ड कप में दक्षिण अफ्रीका के लिए टीम इंडिया का अहम हिस्सा होने चाहिए।

'साउथ अफ्रीका की तेज और बाउंसी पिचों पर रोहित और विराट होना जरूरी है। उम्र सिर्फ एक नंबर है, असली काबिलियत वही है जो मैदान पर दिखाई देती है। लोग रोहित और विराट का समर्थन इसलिए करते हैं क्योंकि उन्होंने कभी गलत कुछ नहीं किया।'

गौर है कि तीसरे वनडे में भारत की ओर से रोहित शर्मा (121) और विराट कोहली (74) की बेहतरीन पारियों की बदौलत टीम ने 237 रन का लक्ष्य 69 गेंदें शेष रहते हासिल कर लिया।



## एलआईसी ने 'वॉशिंगटन पोस्ट' की रिपोर्ट को बताया झूठा, कहा- भारत की छवि खराब करने की साजिश

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने अमेरिकी अखबार वॉशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट को पूरी तरह खारिज कर दिया है। रिपोर्ट में दावा किया गया था कि मई 2025 में भारतीय अधिकारियों ने एक प्रस्ताव तैयार किया था, जिसके तहत एलआईसी से करीब 3.9 अरब डॉलर (लगभग 34,000 करोड़ रुपए) अडानी समूह की कंपनियों में निवेश कराने की योजना बनाई गई थी। एलआईसी ने इस रिपोर्ट को 'झूठा, भ्रामक और भारत के वित्तीय क्षेत्र की प्रतिष्ठा को धूमिल करने वाला' बताया है। कंपनी ने कहा कि उसके निवेश निर्णय पूरी तरह स्वतंत्र और पेशेवर नीतियों के तहत लिए जाते हैं।

एलआईसी के बयान में कहा गया, 'वॉशिंगटन पोस्ट द्वारा लगाए गए आरोप कि एलआईसी के निवेश निर्णयों को बाहरी कारक प्रभावित करते हैं, निराधार और सच्चाई से कोसों दूर हैं। लेख में जैसा दावा किया गया है, वैसा कोई भी दस्तावेज या योजना एलआईसी ने कभी तैयार नहीं की।'

कंपनी ने यह भी स्पष्ट किया कि वित्तीय सेवा विभाग या किसी अन्य सरकारी निकाय की उसके निवेश निर्णयों में कोई भूमिका नहीं होती। सभी फैसले बोर्ड द्वारा स्वीकृत नीतियों के अनुसार और विस्तृत जांच-पड़ताल के बाद लिए जाते हैं।

अडानी ग्रुप ने भी वॉशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट को पूरी तरह गलत बताया। ग्रुप ने कहा कि वह किसी भी सरकारी योजना का हिस्सा नहीं है और एलआईसी ने अन्य कई कंपनियों की तरह ही अडानी समूह में भी निवेश किया है। ग्रुप ने यह भी बताया कि एलआईसी ने अडानी के पोर्टफोलियो से अच्छा मुनाफा कमाया है, इसलिए इसे किसी 'विशेष तरजीह' के रूप में दिखाना भ्रामक और अनुचित है।




# कन्नड़ एक्ट्रेस दिव्या सुरेश का हिट एंड रन! महिला का पैर तोड़ा, गाड़ी छोड़ भागी एक्ट्रेस, सीसीटीवी में कैद हुई दिल दहला देने वाली घटना

अभिनेत्री और पूर्व बिग बॉस प्रतियोगी दिव्या सुरेश द्वारा कथित तौर पर चलाई जा रही एक कार बेंगलुरु के ब्यातारायणपुरा इलाके में एक हिट-एंड-रन घटना में शामिल थी, जिसमें एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। सीसीटीवी में कैद हुई यह घटना 4 अक्टूबर को सुबह करीब 1.30 बजे हुई, जब तीन लोग मोटरसाइकिल पर अस्पताल जा रहे थे। बाइक सवार तीनों लोगों की पहचान अनुषा, अनीता और किरण के रूप में हुई है। शिकायत के अनुसार, बाइक सवार ने भौंकते आवारा कुत्तों से बचने के लिए अपनी गाड़ी थोड़ा मोड़ी, और तभी सुरेश द्वारा चलाई जा रही कार उनसे टकरा गई।


अनीता के घुटने में फ्रैक्चर के बाद उसे अस्पताल ले जाया गया, जबकि बाकी लोग मामूली रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों और रिश्तेदारों ने इस घटना को टक्कर मारकर भागना बताया और कहा कि ड्राइवर पीड़ितों की मदद के लिए नहीं रुका। पीड़िता के चचेरे भाई ने कहा, 'अस्पताल जाते समय, ब्यातारायणपुरा पुलिस स्टेशन के पास, एक काली किआ कार में सवार एक महिला ने रुकने के लिए कहने के बावजूद टक्कर मारकर भाग गई।'

टक्कर के बाद, पुलिस ने गंभीर रक्तस्राव की आशंका के चलते घायलों को जल्दी से अस्पताल ले जाने की सलाह दी। घायल महिला को पहले न्यू लाइफ अस्पताल और फिर आगे के इलाज के लिए बीजीएस अस्पताल ले जाया गया। घटना के दो-तीन दिन बाद शिकायत दर्ज की गई, जिसके बाद पुलिस ने जाँच शुरू की और दिव्या सुरेश को कथित ड्राइवर के रूप में पहचाना।

अनीता की चोटों के लिए बीजीएस अस्पताल में सर्जरी की आवश्यकता थी, जिसकी लागत लगभग 2 लाख रुपये थी। उनके परिवार के अनुसार, घुटने की गंभीर चोट के कारण उन्हें लंबे समय तक बिस्तर पर रहना पड़ेगा।

अनीता और अनुषा के साथ कार में बैठी किरण ने 7 अक्टूबर को एक औपचारिक शिकायत दर्ज कराई। परिवार ने आरोप लगाया कि दिव्या सुरेश ने दुर्घटना के बाद से पीड़िता से संपर्क नहीं किया है और न ही कोई सहायता की पेशकश की है।

चचेरी बहन ने बताया कि जब वे अपने बीमार रिश्तेदार को अस्पताल ले जा रहे थे, तो कार ने उन्हें टक्कर मार दी और मदद के लिए पुकारने के बावजूद घटनास्थल से भाग गई। पुलिस ने घायल महिला को ले जाने के लिए एक ऑटो का इंतजाम किया, लेकिन परिवार ने दावा किया कि दिव्या सुरेश से कोई संपर्क नहीं हुआ।



ब्यातारायणपुरा ट्रैफिक पुलिस ने एक प्राथमिकी दर्ज की और जाँच शुरू कर दी। सीसीटीवी फुटेज से दिव्या सुरेश तक पहुँचने में मदद मिली और जाँच के तहत उनकी कार को ज़ब्त कर लिया गया है।

साइबर अपराध विभाग के पुलिस अधीक्षक अनूप शेट्टी ने कहा कि संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और दोनों पक्षों ने शिकायत दर्ज कराने में देरी की। जाँच में पता चला कि ड्राइवर दिव्या सुरेश थी और आगे की जाँच जारी है। शुरुआती जांच से पता चला है कि बाइक सवार तीन लोगों पर सवार थे और तेज़ गति से गाड़ी चलाना भी एक कारण हो सकता है, लेकिन सटीक कारण की अभी जाँच चल रही है।

# 'एक दीवाने की दीवानियत' की सफलता पर हर्षवर्धन राणे बोले, 'दर्शकों ने बॉलीवुड से नेपोटिज्म खत्म कर दिया'

युवाओं के दिलों पर राज करने वाले हर्षवर्धन राणे बॉक्स ऑफिस पर अपनी फिल्म को लेकर छाए हुए है। बॉलीवुड में काफी समय तक संघर्ष करने के बाद हर्षवर्धन राणे ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया है। एक्टर की कल्ट क्लासिक फिल्म 'सनम तेरी कसम' इस साल की शुरुआत में दोबारा रिलीज होने पर बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई। अब, उनकी हालिया रिलीज 'एक दीवाने की दीवानियत' भी बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है, जिसने पांच दिनों में ?40 करोड़ से ज़्यादा की कमाई की है। हर्षवर्धन और उनकी कॉ-स्टार सोनम बाजवा हाल ही में अपनी फिल्म की स्क्रीनिंग के लिए गुजरात के एक थिएटर में गए, जहां एक्टर ने वहां मौजूद दर्शकों से बात की और न केवल उनकी फिल्म देखने के लिए, बल्कि थामा देखने के लिए भी उनका धन्यवाद किया, जो इस सप्ताह दिवाली पर रिलीज हुई है।

एक पपराजो अकाउंट द्वारा शेयर किए गए वीडियो में, हर्षवर्धन और सोनम को 'एक दीवाने की दीवानियत' की स्क्रीनिंग खत्म होने के बाद स्क्रीन के पास खड़े देखा जा सकता है। हर्षवर्धन दर्शकों से कहते हैं, 'इस दिवाली आपने दो बाहरी लोगों की फिल्मों का समर्थन किया। आयुष्मान खुराना की फिल्म मेरी फिल्म के साथ रिलीज़ हुई है। कृपया दोनों फिल्में देखें और दोनों का आनंद लें। इससे एक अच्छा संदेश जाता है कि आप लोगों ने अकेले पूरे बॉलीवुड से नेपोटिज्म को ही खत्म कर दिया।' इस पर दर्शकों ने जोरदार तालियां बजाईं। हर्षवर्धन हाथ जोड़कर आभार व्यक्त करते हुए कहते हैं, 'मुझे उम्मीद है कि आपको यह पसंद आएगा और आपके परिवार में जिन लोगों ने इस फिल्म नहीं देखा है, कृपया उनके साथ एक बार फिर जाएं।'



कमेंट सेक्शन में, सोशल मीडिया यूज़र्स ने हर्षवर्धन की तारीफ कर रहें हैं। एक ने लिखा, 'पहला बंदा जो दूसरों को भी सपोर्ट करने के लिए बोल रहा है।' एक और ने लिखा, 'एक्टर ने आयुष्मान के बारे में भी कहा, एक्टर का सच्चा फैन हो गया।' नेपोटिज्म वाली टिप्पणी का जिक्र करते हुए, एक और सोशल मीडिया यूजर ने लिखा, 'दर्शकों के पास सारी ताकत होती है! एक्टर्स को यह याद रखना चाहिए!'

मिलाप जावेरी द्वारा निर्देशित 'एक दीवाने की दीवानियत' ने भारत में अब तक ?34 करोड़ और दुनिया भर में ?45 करोड़ से ज़्यादा की कमाई कर ली है। ?25 करोड़ के बजट वाली इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर पहले ही धमाल मचा दिया है।

# अभिनेता-राजनेता विजय की पार्टी टीवीके की रैली वाली करूर भगदड़ अब सीबीआई के पाले में

चेन्नई **(एजेंसी)**। अभिनेता-राजनेता विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कजगम (टीवीके) की राजनीतिक रैली के दौरान करूर में हुई भीषण भगदड़ की जांच सीबीआई ने अपने हाथ में ले ली है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। 27 सितंबर को वेलुसामीपुरम, करूर में हुई इस घटना में 41 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 60 से अधिक घायल हुए थे। टीवीके द्वारा स्वतंत्र जांच के लिए दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए, सर्वोच्च न्यायालय ने इस संवेदनशील मामले को सीबीआई को सौंपने का निर्देश दिया।

सीबीआई की एक विशेष टीम ने तमिलनाडु के करूर स्थित घटनास्थल का दौरा किया है। प्रक्रिया के अनुसार, सीबीआई ने राज्य पुलिस की एफआईआर को फिर से दर्ज कर लिया है और स्थानीय अदालत को इस घटनाक्रम की जानकारी दे दी है।

मामले की निष्पक्षता और व्यापक प्रभाव को देखते हुए, शीर्ष अदालत ने सीबीआई जांच की निगरानी के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी की अध्यक्षता में एक तीन सदस्यीय पर्यवेक्षी समिति का गठन किया गया है।

अदालत ने सीबीआई निदेशक को जांच की जिम्मेदारी संभालने के लिए एक वरिष्ठ अधिकारी की नियुक्ति करने और उनकी सहायता के लिए अन्य अधिकारियों को नियुक्त करने का भी निर्देश दिया।



न्यायमूर्ति जे के माहेश्वरी और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ ने कहा कि 27 सितंबर की भगदड़ ने पूरे देश के नागरिकों के मन पर गहरी छाप छोड़ी है।

पीठ ने मामले के राजनीतिक निहितार्थों का उल्लेख करते हुए कुछ शीर्ष पुलिस अधिकारियों की मीडिया टिप्पणियों पर चिंता व्यक्त की। अदालत ने कहा कि इन टिप्पणियों से नागरिकों के मन में निष्पक्ष और निष्पक्ष जांच को लेकर संदेह पैदा हो सकता है।

अदालत ने कहा, 'जांच प्रक्रिया में आम जनता का विश्वास और भरोसा आपराधिक न्याय प्रणाली में बहाल किया जाना चाहिए... यह घटना, जिसने राष्ट्रीय चेतना को झकझोर दिया है, निष्पक्ष और निष्पक्ष जांच की हकदार है। इसमें कोई संदेह नहीं हो सकता कि निष्पक्ष जांच एक नागरिक का मौलिक अधिकार है।'

# तेजस्वी यादव के बड़े वादों पर भाजपा का पलटवार ऋतुराज सिन्हा बोले- 'हताशा में प्रलोभन दे रहे'

पटना **(एजेंसी)**। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले मतदाताओं को लुभाने की कवायद में, महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव ने रविवार को कई महत्वपूर्ण चुनावी घोषणाएं कीं। इन वादों में पंचायती राज प्रतिनिधियों के भत्ते दोगुने करने, उन्हें 50 लाख रुपये का बीमा कवरेज देने और परंपरागत कारीगरों को 5 लाख रुपये का ब्याज मुक्त ऋण देने की घोषणा शामिल है। तेजस्वी यादव ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि अगर महागठबंधन सत्ता में आता है, तो वह राज्य की पंचायती राज व्यवस्था के प्रतिनिधियों के लिए भत्ते दोगुने करेंगे। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों को बड़ा लाभ देने का वादा करते हुए कहा, 'पंचायतों और ग्राम कचहरी के प्रतिनिधि लंबे समय से पेंशन लाभ की मांग कर रहे थे। हमने फैसला किया है कि उन्हें पेंशन मिलेगी। इसके अतिरिक्त,






उन्हें 50 लाख रुपये का बीमा कवरेज भी दिया जाएगा।' उन्होंने सार्वजनिक वितरण नेटवर्क में काम करने वालों का मार्जिन बढ़ाने का भी वादा किया।

इसके अलावा, यादव ने परंपरागत कारीगरों को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण घोषणा की, मिट्टी के बर्तन, लोहार और बढ़ईगीरी जैसे व्यवसायों में लगे लोगों को अपना काम बढ़ाने के लिए 5 लाख रुपये का ब्याज मुक्त ऋण मिलेगा।

तेजस्वी यादव के इन वादों पर भारतीय जनता पार्टी ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। भाजपा नेता ऋतुराज सिन्हा ने यादव पर हताशा में 'गुमराह करने की कोशिश' करने का आरोप लगाया।

सिन्हा ने कहा, 'तेजस्वी यादव बहुत हताश लग रहे हैं। पहले उन्होंने 2.5 करोड़ सरकारी नौकरी देने का वादा किया था, जिसके लिए बिहार सरकार को 12 लाख करोड़ रुपये की आवश्यकता होगी। फिर उन्होंने कहा कि वह 1 लाख जीविका दीदी को सरकारी नौकरी देंगे। अब उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों का वेतन दोगुना करने का वादा किया है।'

भाजपा नेता ने आगे कहा, 'यह सब कहने से तेजस्वी यादव को कुछ नहीं हो रहा है, क्योंकि यह सब हो नहीं सकता... बिहार में जंगलराज टी-शर्ट और पैंट में घूम रहा है... वह लोगों को प्रलोभन देकर गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं।'

# कांकेर में बड़े माओवादी कमांडर मुकेश समेत 21 का आत्मसमर्पण, 3 एके-47 सहित 18 हथियार सौंपे

रायपुर **(एजेंसी)**। छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में माओवादी विरोधी अभियान को एक बड़ी सफलता मिली है। केशकाल संभाग (उत्तर उप-क्षेत्रीय ब्यूरो) की कुएमारी/किस्कोडो एरिया कमेटी के कुल 21 माओवादियों ने मुख्यधारा में शामिल होने के लिए आत्मसमर्पण कर दिया है। इन माओवादियों में संभाग समिति सचिव मुकेश भी शामिल हैं। आत्मसमर्पण करने वाले इन माओवादियों ने 18 हथियार भी सौंपे हैं, जिनमें उच्च क्षमता वाले स्वचालित राइफलें शामिल हैं।

आत्मसमर्पण करने वाले 21 माओवादियों में 13 महिला और 8 पुरुष शामिल हैं। इन आत्मसमर्पित माओवादियों में 4 डीवीसीएम, 9 एसीएम, और 8 अन्य गुट के सदस्य शामिल हैं। कार्यकर्ताओं ने सुरक्षा बलों के सामने भारी मात्रा में हथियार भी जमा किए, जिनकी कुल संख्या 18 है। इन हथियारों में 3 एके-47 राइफलें, 4 एसएलआर राइफलें, 2 इंसास राइफलें, 6 .303 राइफलें, 2 सिंगल शॉट राइफलें और 1 बीजीएल हथियार शामिल हैं।

बस्तर के आईजी पी. सुंदरराज ने इस घटनाक्रम को निर्णायक कदम बताया। आईजी सुंदरराज ने कहा, 'कांकेर जिले में आज एक और निर्णायक कदम उठाया गया, जब 21 और माओवादी स्वेच्छा से मुख्यधारा में लौट आए। यह वामपंथी उग्रवादी प्रभाव को रोकने, सामुदायिक विश्वास बनाने और बस्तर में शांति एवं विकास को बढ़ावा देने के हमारे प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।'



उन्होंने बताया कि इन 21 माओवादियों के पुनर्वास और पुनः एकीकरण की प्रक्रिया चल रही है, जो एक सुरक्षित, समावेशी और प्रगतिशील समाज के प्रति पुलिस की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। आईजी ने शेष माओवादी कार्यकर्ताओं से शांति का मार्ग चुनने और समाज में लौटने का आग्रह किया है, अन्यथा 'परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहने' की चेतावनी भी दी है।

# विमान के भीतर पावर बैंक में आग लगने की घटना की डीजीसीए समीक्षा करेगा - नायडू

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने शनिवार को कहा कि पिछले सप्ताह एक घरेलू उड़ान में एक यात्री के पावर बैंक में आग लगने की घटना की विमानन नियामक नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा जांच की जाएगी।

दिल्ली हवाई अड्डे पर 19 अक्टूबर को दीमापुर जाने वाले इंडिगो विमान के रनवे पर जाने की प्रक्रिया के दौरान दिल्ली हवाई अड्डे पर एक यात्री के 'पावर बैंक' में आग लग गई और चालक दल के सदस्यों ने आग कोबुझा दिया।

'पीटीआई-भाषा' के एक प्रश्न के उत्तर में नायडू ने कहा कि डीजीसीए घटना की समीक्षा करेगा। राष्ट्रीय राजधानी में एक कार्यक्रम से इतर उन्होंने कहा, ''डीजीसीए इस पर ध्यान देगा और वे घटना की समीक्षा करेंगे...।'' विमान में 'इलेक्ट्रॉनिक' सामान विशेषकर 'लिथियम बैटरी' वाले सामान, ले जाने के संबंध में कठोर नियम हैं। खबरों के अनुसार, पिछले सप्ताह एयर चाइना के एक विमान के ऊपरी डिब्बे में रखी 'लिथियम बैटरी' में आग लग गई। यह विमान हांग्जो से सियोल जा रहा था।




# लापरवाह बाइक सवार की वजह से गई 20 जानें, पुलिस ने दर्ज किया केस

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। कुरनूल बस अग्निकांड मामले में, जिसमें 20 लोगों की जान चली गई थी, पुलिस ने उस बाइक सवार शिवशंकर के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाने का मामला दर्ज किया है, जिसकी दुर्घटना से कुछ क्षण पहले ही मौत हो गई थी। यह मामला शिवशंकर के साथ यात्रा कर रहे सहयात्री एरिस्वामी की शिकायत पर उलिंडाकोंडा पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया है।

एरिस्वामी ने अपनी शिकायत में बताया कि मोटरसाइकिल पर निकलने से पहले उन्होंने और शिवशंकर ने शराब पी थी। एरिस्वामी के अनुसार, नशे की हालत में बाइक चलाते समय शिवशंकर ने कथित तौर पर बाइक पर नियंत्रण खो दिया, जिससे बाइक एक डिवाइडर से टकराकर हाईवे पर गिर गई। शिवशंकर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एरिस्वामी घायल हो गए।

दुर्घटना से कुछ क्षण पहले का एक सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है। 24 अक्टूबर को सुबह लगभग 2.23 बजे एक पेट्रोल पंप पर रिकॉर्ड किए गए इस फुटेज में, शिवशंकर लड़खड़ाते हुए अपनी मोटरसाइकिल को पीछे मोड़कर भागते हुए दिखाई दे रहे हैं।

एरिस्वामी ने अपनी शिकायत में आगे बताया कि बाइक गिरने के बाद, एक अन्य वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क के बीचों-बीच जा गिरी। कुछ ही क्षण बाद, एक निजी ट्रैवल्स बस ने मोटरसाइकिल को कुचल दिया, जिससे एक जोरदार विस्फोट हुआ और बस में आग लग गई, जिसने एक विनाशकारी त्रासदी का रूप ले लिया।

उलिंडाकोंडा पुलिस ने मृतक शिवशंकर के खिलाफ लापरवाही और लापरवाही से गाड़ी चलाने के आरोप में आईपीसी की धारा 281, 125(ए) और 106(1) के तहत मामला दर्ज किया है।

इस बीच, आंध्र प्रदेश पुलिस ने शनिवार को बताया कि दुर्घटना के बाद बस में लगी 12 केवी की दो बैटरियों में विस्फोट हो गया, जिसके कारण 20 लोगों की मौत हो गई। हालांकि, प्रारंभिक रिपोर्ट यह भी बताती है कि बस में बड़ी मात्रा में स्मार्टफोन और बैटरियां होने के कारण आग और तेजी से फैल गई।



# पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में सुरक्षा बलों ने तीन आतंकवादियों को मार गिराया

इस्लामाबाद **(एजेंसी)**। पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में आत्मघाती हमले की साजिश को नाकाम करते हुए तीन आतंकवादियों को मार गिराया। सेना की मीडिया शाखा ने यह जानकारी दी।

'इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस' (आईएसपीआर) द्वारा शनिवार को जारी एक बयान में कहा गया है कि सुरक्षा बलों ने जिले के झल्लार क्षेत्र में खुफिया सूचना पर आधारित ऑपरेशन (आईबीओ) के तहत एक ''बड़ी आतंकवादी घटना को नाकाम कर दिया और एक संभावित विनाशकारी हमले को टाल दिया।''

यह अभियान 'फितना अल-खवारिज' से संबंधित आतंकवादियों की उपस्थिति के बारे में विश्वसनीय खुफिया जानकारी पर आधारित था। ये आतंकी एक बड़ी आतंकवादी गतिविधि के लिए वाहन पर बम लगाकर आत्मघाती हमला करने की तैयारी कर रहे थे।

'फितना अल-खवारिज' शब्द का इस्तेमाल पाकिस्तान सरकार प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) से जुड़े आतंकवादियों के लिए करती है। बयान में कहा गया है कि सैनिकों ने आतंकवादियों के ठिकानों पर उनका प्रभावी ढंग से मुकाबला किया और आत्मघाती हमले के लिए तैयार किए जा रहे वाहन को नष्ट कर दिया तथा मुठभेड़ में तीन आतंकवादियों को मार गिराया। आईएसपीआर ने कहा कि इलाके में तलाश अभियान जारी है ताकि इलाके में यदि कोई और आतंकवादी हैं तो उन्हें भी समाप्त किया जा सके।



# ममदानी के 9/11 बयान पर भड़के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, 'असली शिकार' पर अमेरिकी राजनीति में बवाल

वाशिंगटन **(एजेंसी)**। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने डेमोक्रेटिक नेता और न्यूयॉर्क शहर के मेयर पद के उम्मीदवार जोहरान ममदानी की उस टिप्पणी पर तीखी प्रतिक्रिया दी है, जिसमें ममदानी ने 9/11 के हमलों के बाद मुसलमानों के सामने आए अपमान का मुद्दा उठाया था। ममदानी ने एक बयान में कहा था कि 9/11 के बाद उनकी मौसी ने मेट्रो लेना बंद कर दिया था क्योंकि उन्हें हिजाब में सुरक्षित महसूस नहीं होता था।

इस पर पलटवार करते हुए, उपराष्ट्रपति वेंस ने कहा कि ममदानी के अनुसार, 9/11 की 'असली शिकार' उनकी मौसी थीं जिन्हें (कथित तौर पर) बुरी नजरों का सामना करना पड़ा था।

ब्रोंक्स की एक मस्जिद के बाहर मुस्लिम नेताओं से घिरे ममदानी ने अपनी टिप्पणी में न्यूयॉर्क के मुसलमानों को होने वाली कथित परेशानियों को उजागर किया। उन्होंने कहा, 'मैं अपनी मौसी की याद में बोलना चाहता हूं, जिन्होंने 11 सितंबर के बाद मेट्रो लेना बंद कर दिया था क्योंकि वह हिजाब में सुरक्षित महसूस नहीं करती थीं।'




ममदानी ने बताया कि उन्हें राजनीति में प्रवेश करने पर अपने धर्म को अपने तक ही सीमित रखने की सलाह दी गई थी। उन्होंने कहा कि ये सबक एंड्रयू कुओमो, कर्टिस स्लीवा और एरिक एडम्स जैसे नेताओं के 'अंतिम संदेश' बन गए हैं।

मेयर पद के चुनाव प्रचार में, रिपब्लिकन उम्मीदवार कर्टिस स्लीवा, निर्दलीय उम्मीदवार एंड्रयू कुओमो और मौजूदा मेयर एरिक एडम्स (जो इस बार चुनाव नहीं लड़ रहे हैं) ने ममदानी पर कट्टरपंथी होने का आरोप लगाया है। पिछले कुछ हफ्तों में, कई डेमोक्रेट्स ने आरोप लगाया है कि इन नेताओं के राजनीतिक हमले अब इस्लामोफोबिया की ओर मुड़ गए हैं।

कुओमो हाल ही में एक रूढ़िवादी रेडियो स्टेशन पर होस्ट के इस सुझाव पर हंसते हुए दिखाई दिए कि ममदानी एक और 9/11 हमले का 'उत्साह' मनाएंगे। हालांकि, बाद में उनके प्रवक्ता ने कहा कि वह होस्ट की टिप्पणी से सहमत नहीं हैं।

मेयर एडम्स ने हाल ही में कहा था, 'न्यू यॉर्क यूरोप नहीं हो सकता। मुझे नहीं पता लोगों को क्या हो गया है। आप देख रहे हैं कि इस्लामी चरमपंथ के कारण दूसरे देशों में क्या हो रहा है।' स्लीवा ने ममदानी को 'वैश्विक जिहाद' का समर्थक बताया है।

ममदानी ने अपने ऊपर हो रहे हमलों का जवाब देते हुए कहा कि हर मुसलमान का सपना होता है कि उसके साथ भी वैसा ही व्यवहार हो जैसा न्यूयॉर्क के किसी भी अन्य निवासी के साथ होता है। उन्होंने स्वीकार किया कि उन्होंने चुनाव अभियान की शुरुआत में जानबूझकर अपनी मुस्लिम पहचान प्रदर्शित करने से परहेज किया था।

उन्होंने अंत में एक भावनात्मक संदेश दिया, 'मैं अपनी पहचान, अपने खाने-पीने के तरीके और उस धर्म के लिए, जिसे अपना कहने पर मुझे गर्व है, कुछ नहीं बदलूंगा।

# अमेरिका के उत्तर कैरोलाइना में गोलीबारी में दो लोगों की मौत, कई अन्य घायल

कौरोलाइना **(एजेंसी)**। अमेरिका के उत्तर एवं दक्षिण कैरोलाइना सीमा के निकट शनिवार तड़के एक पार्टी में हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गयी और कई अन्य घायल हो गये। मरने वालों में 16 साल का एक किशोर भी शामिल है। एक शेरिफ ने इसकी जानकारी दी।

रॉबसन काउंटी के शेरिफ बर्निस विलकिंस के कार्यालय ने बताया कि मैक्सटन के बाहरी इलाके में एक घर में आयोजित इस पार्टी में 13 लोगों को गोली मारी गयी, जिसमें दो लोगों की मौत हो गयी।

विलकिंस ने बताया कि गोलीबारी की यह घटना पार्टी में शामिल दो समूहों के बीच हुयी। इस पार्टी में करीब 300 लोग शामिल थे, जो किशोरावस्था से लेकर 50 साल तक की उम्र के थे।

शेरिफ ने बताया कि कई लोगों से इस घटना के बारे में पूछताछ की जा रही है। उन्होंने कहा कि शुरुआती जानकारी के अनुसार, दो समूहों के बीच झड़प हुई थी और फिर उनके बीच गोलीबारी भी शुरू हो गई।




# हार के बाद भी नहीं टूटी कमला हैरिस की उम्मीद 2028 में फिर से व्हाइट हाउस पहुंचने का इरादा

न्यूयॉर्क **(एजेंसी)**। अमेरिका की पूर्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने एक बार फिर संकेत दिया है कि वह भविष्य में राष्ट्रपति पद की दौड़ में शामिल हो सकती हैं, हालांकि उन्होंने इस संबंध में अभी कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया है। यह बयान ऐसे समय में आया है जब डोनाल्ड ट्रंप के फैसलों के कारण अन्य देशों से अमेरिका के रिश्तों में तनाव की खबरें हैं।

शनिवार को बीबीसी को दिए एक साक्षात्कार में हैरिस ने कहा कि उन्हें पूरी उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में एक महिला अमेरिका की राष्ट्रपति बनेगी और यह वह खुद हो सकती हैं।

60 वर्षीय हैरिस ने कहा, 'मैंने अब तक हार नहीं मानी है।' उन्होंने इस बात को खारिज कर दिया कि उन्हें भविष्य में बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि उन्होंने 2028 में राष्ट्रपति चुनाव में किस्मत आजमाने के बारे में अब तक कोई निर्णय नहीं लिया है। हैरिस ने कहा, 'मैंने अपना पूरा करियर सेवाभाव से जिया है और यह मेरी रगों में बसा है। सेवा करने के कई तरीके हैं। मैंने कभी जनमत सर्वेक्षणों पर ध्यान नहीं दिया।'

पिछले हफ्ते एसोसिएटेड प्रेस को दिए साक्षात्कार में भी हैरिस ने स्पष्ट किया था कि उन्होंने 2028 में फिर से चुनाव लड़ने का विचार त्यागा नहीं है। उन्होंने कहा कि वह खुद को डेमोक्रेटिक पार्टी की समर्पित नेता के रूप में देखती हैं और वर्तमान में पूरी शिद्दत से 2026 के मध्यावधि चुनाव की तैयारी कर रही हैं।

हैरिस ने हाल ही में अपनी पुस्तक '107 डेज' का विमोचन किया है। यह पुस्तक 2024 के डेमोक्रेटिक पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में तत्कालीन राष्ट्रपति जो बाइडन के दौड़ से बाहर होने के बाद उनकी जगह लेने के हैरिस के अनुभव पर केंद्रित है।

# रूस ने कीव पर ड्रोन से हमले किए, तीन लोगों की मौत

कीव **(एजेंसी)**। रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव पर शनिवार रात ड्रोन से हमले किए, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। कीव पर लगातार दूसरी रात हुए हमले में कम से कम 29 लोग घायल हो गए, जिनमें सात बच्चे शामिल हैं।

यूक्रेन के गृह मंत्री इहोर क्लिमेंको ने कहा कि मारे गए लोगों में 19 वर्षीय लड़की और उसकी 46 वर्षीय मां शामिल हैं। रूसी ड्रोन हमले के कारण राजधानी के देस्नियान्स्की जिले में दो रिहायशी इमारतों में आग लग गई।

आपातकालीन दल ने नौ मंजिला इमारत और 16 मंजिला इमारत से निवासियों को निकाला। यूक्रेन की वायुसेना के अनुसार, रूस ने शनिवार रात यूक्रेन पर 101 ड्रोन से हमला किया, जिनमें से 90 को यूक्रेनी बलों ने मार गिराया। हालांकि, ड्रोन से हुए हमलों में चार स्थानों पर नुकसान पहुंचा।



# यह यूक्रेन युद्ध से भी ज्यादा मुश्किल था, ट्रंप ने फिर भारत-पाक संघर्ष को सुलझाने का श्रेय लिया

वाशिंगटन **(एजेंसी)**। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर दावा किया है कि इस साल की शुरुआत में भारत और पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष को समाप्त करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। अपनी एशिया यात्रा पर रवाना होने से पहले, ट्रंप ने एयर फोर्स वन में मीडिया से बात करते हुए यह दावा किया और दुनिया भर के संघर्षों को सुलझाने का श्रेय खुद को दिया।

ट्रंप ने कहा कि उन्हें लगता है कि भारत और पाकिस्तान जैसे अन्य संघर्षों को समाप्त करना रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध को सुलझाने से भी ज्यादा मुश्किल होगा।

ट्रंप ने कहा, 'मैंने इसे (युद्धविराम) रुकवाया और भी हैं। अगर आप भारत और पाकिस्तान को देखें, तो मैं कह सकता हूं कि मेरे द्वारा किए गए लगभग हर समझौते को रूस और यूक्रेन से ज्यादा मुश्किल माना जाता, लेकिन यह उस तरह से नहीं हुआ। रूस-यूक्रेन का संघर्ष सुलझाना सबसे चुनौतीपूर्ण है।'इस महीने की शुरुआत में, ट्रंप ने अपने टैरिफ की धमकियों को 'असली शांतिदूत' बताते हुए दावा किया था कि इनके बिना वह आठ वैश्विक संघर्षों को 'हल' नहीं कर पाते।

ट्रंप बार-बार यह दावा करते रहे हैं कि उन्होंने कथित तौर पर वाशिंगटन की मध्यस्थता से हुई बातचीत के बाद परमाणु-सशस्त्र पड़ोसी भारत और पाकिस्तान के बीच 'पूर्ण और तत्काल' युद्धविराम कराने में मदद की।

हालांकि, भारत सरकार ने राष्ट्रपति ट्रंप के इन दावों को बार-बार खारिज किया है। भारत का रुख स्पष्ट है कि शत्रुता को रोकने का निर्णय बिना किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता के, दोनों पक्षों के बीच हुई सीधी बातचीत के माध्यम से लिया गया था।



Facebook: https://www.facebook.com/profile.php?id=100063787346044 | Twitter: https://twitter.com/mantrabharat?t=8tJONQ7H-h6EKqqap2tVMw&s=08 | Mobile No: 7007837917

मंत्र भारत : R.N.I. UPHIN/2012/52437 स्वात्वाधिकारी राकेश शर्मा के लिए राकेश शर्मा द्वारा श्री बालाजी प्रिंटर्स टिकरी, कमला नगर, प्रयागराज से मुद्रित एवं 80-ए मेहदौरी, तेलियरगंज, प्रयागराज-211004 से प्रकाशित एवं सम्पादित।

● सम्पादक विनीता शर्मा ● मोबाइल : 9415975437, 7007837917, 9415223357 ● E-Mail : editormantrabharat@gmail.com ● वैधानिक सूचनाः- मंत्र भारत से संबंधित समस्त विवाद निपटारे का क्षेत्र प्रयागराज न्यायालय होगा।